● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 292, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 09 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



युवा हिन्दी के राजदूत बनेः सोनोवाल 5

शर्मनाक हार के बाद गम में डूबे रोहित 6

# हमारे लिए अच्छी संस्कृति, जीवन मूल्य और परंपराएं सर्वोपरि : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने शाजापुर में लगभग 50 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन चरित्र गीता में समाहित है और गीता सदैव हमारी प्रेरणा रही है, यही कारण है कि आज दुनिया की लाखों सभ्यताएं नष्ट भ्रष्ट हो गई परंतु हमारी हस्ती आज भी कायम है। हमने हमेशा आध्यात्म को सर माथे रखा। हमारे लिए अच्छी संस्कृति, जीवन मूल्य और परंपराएं सर्वोपरि हैं। प्रदेश में जिन स्थानों पर भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े उन्हें मथुरा, वृंदावन की तरह ही विकसित किया जाएगा। प्रदेश भर में आज से 12 तारीख तक गीता उत्सव मनाया जा रहा है, जिसमें गीता के माहात्म्य और शिक्षाओं को घर-घर पहुंचाया जाएगा। गीता, गंगा और गौ माता हमारी भाग्य विधाता है। मुख्यमंत्री



डॉ. यादव रविवार को शाजापुर में नवीन बस स्टैंड के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 22 करोड़ 43 लाख 37 हजार रूपये लागत के 13 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 27 करोड़ 58 लाख 64 हजार रूपये लागत के 11 कार्यों का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित रचना पाठ में भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन एक आदर्श साहित्यकार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और राजनेता थे। उनके ही कारण शाजापुर में रेलवे लाइन आई। मैं उनकी दृण इच्छा शक्ति और रचनाधर्मिता को नमन करता हूं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी भी महान कवि थे। कवियों और साहित्यकारों का समाज के उत्थान में बहुमूल्य योगदान है। यदि महर्षि वाल्मीकि नहीं होते तो भगवान श्रीराम के और यदि वेदव्यास न होते तो भगवान श्रीकृष्ण के जीवन के विविध आयामों को जन-जन तक कौन पहुंचाता। मैं मालवा के महान कवि महाकवि कालिदास और घटखर्पर को भी नमन करता हूं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौ-माता हमारे लिए अत्यंत पूजनीय है। पूरे प्रदेश में गौशालाएं बनाई जा रही हैं और जनता को घर-घर गाय पालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिस घर में गए पलती है वह घर गोकुल ही तो है। किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी और बिजली के साथ ही दुग्ध उत्पादन के लिए प्रेरित किया जा रहा है, सरकार दुग्ध खरीदी पर बोनस देगी। वर्तमान में प्रदेश में पूरे देश का 9त्र दुग्ध उत्पादन होता है, सरकार इसे 20% तक पहुंचाने के लिए प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों से प्रदेश में सिंचाई का रकबा तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को आधुनिक भारत का भगीरथ बताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से ही पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का देश की नदियों को जोड़ने का स्वप्न अब साकार हो रहा है।

## भारत 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा: प्रधान

**जमशेदपुर।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान शनिवार को झारखंड में जमशेदपुर के एक्स एल आर आई-स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के प्लेटिनम जुबली समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां अपने संबोधन में बताया कि भारत 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में भारत पांचवें स्थान पर है और अगले तीन वर्षों में देश तीसरे स्थान पर होगा। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, 75 साल पहले जब एक्सएलआरआई अस्तित्व में आया था तब भारत की गिनती अर्थव्यवस्था में नहीं होती थी। आज हम तीन ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ निया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम अगले तीन वर्षों में पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। हमारी अर्थव्यवस्था 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ जाएगी।

# सीरिया पर विद्रोहियों का कब्जा

## दमिश्क के चौराहों पर जुटे लोग, टैंक पर चढ़ मनाया जश्न

**दमिश्क।** सीरिया के चार शहरों पर विद्रोही समूह का कब्जा हो गया है और राष्ट्रपति बशर अल असद का मजबूत किला दमिश्क भी ढह गया। राष्ट्रपति बशर अल असद के सीरिया छोड़कर अज्ञात जगह पर जाने की खबरें हैं। वहीं उनका परिवार पहले ही सीरिया छोड़कर रूस जा चुका है। सीरिया सेना के दो शीर्ष अधिकारियों ने ये दावा किया है।

ब्रिटेन की उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनेर ने कहा, तानाशाही व आतंकवाद सीरिया के लोगों के लिए समस्याएं पैदा करते हैं। इसलिए एक राजनीतिक समाधान की आवश्यकता है, जहां सरकार सीरियाई लोगों के हितों में काम करे। लोकतंत्र को हम दुनिया के लिए सही मानते हैं और उम्मीद है कि यह सीरियाई लोगों को मिलेगा।

फ्रांस ने सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद को अपदस्थ किए जाने की सूचना का स्वागत किया है। उसने देश में लड़ाई को



समाप्त करने तथा शांतिपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अब सीरिया में एकता का समय आ गया है। सीरिया में असद राज की समाप्ति के बाद दमिश्क के चौराहों पर लोग उमड़ पड़े। लोगों ने टैंक पर चढ़कर जश्न मनाया और अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जश्न के बीच आतिशबाजी हुई और कुछ लोगों ने आकाश में गोलियां चलाकर अपनी भावनाएं जाहिर कीं। स्थानीय निवासी वकील उमर दाहेर (29) ने कहा, मैं अपनी खुशी बता नहीं सकता। असद और उनके पिता ने हमें कई साल तक जिस डर में रहने को मजबूर किया, जिस दहशत व आतंक की स्थिति में हम जी रहे थे, उस पर यकीन नहीं होता।

# रेलवे महाकुंभ में करीब दो करोड़ श्रद्धालुओं को यात्रा कराएगा

**प्रयागराज।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि महाकुंभ में डेढ़ से दो करोड़ यात्रियों को रेलवे यात्रा कराएगा। यात्रियों की यात्रा सुखद हो इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यात्रियों को किसी तरह की



असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए प्लेटफार्म का विस्तार किया गया है। साथ ही नए प्लेटफार्म बनाए गए हैं। महाकुंभ में रेलवे की ओर से तीन हजार स्पेशल और दस हजार नियमित ट्रेनें चलाई जाएंगी। रविवार को प्रयागराज पहुंचे रेल मंत्री झूंसी गंगा ब्रिज का निरीक्षण करने के बाद मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के मद्देनजर रेलवे की ओर से ढाई साल से कार्य कराए जा रहे हैं, जिसमें करीब पांच हजार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। साथ ही निर्माण कार्यों पर तीन हजार सात सौ करोड़ रुपये सुविधाओं पर खर्च किए गए हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए 554 टिकट काउंटर बनाए गए हैं, ताकि हर पैसेंजर को आसानी से टिकट मिल सके और किसी काउंटर पर ज्यादा भीड़ का दबाव न हो। रेल मंत्री ने कहा कि प्रयागराज में तीन रेलवे जोन का भी संगम है। इसमें पूर्वोत्तर रेलवे, उत्तर रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे के कार्यों में किसी प्रकार की दिक्कत न हो इसके लिए समन्वय की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर सात से अधिक नए प्लेटफार्म बनाए गए हैं। श्रद्धालुओं को रुकने के लिए 23 से ज्यादा होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं।

## आतंकियों तक संदेश पहुंचाने का आईएसआई ने निकाला नया तरीका

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेंज इंटेलिजेंस (आईएसआई) ने नशे की लत से प्रभावित और मासनिक रूप से अस्वस्थ लोगों को भारत भेजने का एक नया तरीका अपना है। इन लोगों को भारत में घुसाकर उनका उपयोग देश की जेलों में बंद आतंकवादियों तक महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाने के लिए किया जाता है। अधिकारियों का कहना है कि जुलाई के महीने से अब तक इस तरह के दस से अधिक मामले सामने आए हैं, जिनमें पाकिस्तान के नागरिक पाकिस्तान या पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से आए हैं।

# लोगों को गुमराह करना बंद करें और जनादेश स्वीकार करें : शिंदे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने विपक्ष पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के बारे में लोगों को गुमराह करने और उनके जनादेश को स्वीकार नहीं करने का आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने बताया कि विधानसभा चुनाव में महायुति को जीत मेहनत के वजह से मिली है और महाविकास अघाड़ी को लोगों का जनादेश स्वीकार करना होगा। उन्हें विकास कार्यों में सरकार का समर्थन करना होगा। महाविकास अघाड़ी (भाजपा, शिवसेना, राकांपा) ने विधानसभा चुनाव में 288 नें से 230 सीटों पर जीत हासिल की। वहीं महाविकास अघाड़ी



(एमवीए) को केवल 46 सीटों पर ही जीत मिली। विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद विपक्ष ने ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया और मतपत्रों के इस्तेमाल की मांग की। विपक्ष को घेरते हुए शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने कहा, जब आप जीतते हैं, तब ईवीएम में गड़बड़ी नहीं होती। जब आप हरते हैं, तभी मशीन में गड़बड़ी होती है। यह सही दृष्टिकोण नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को जनता का जनादेश स्वीकार करना होगा। लोगों ने विपक्ष को उनका स्थान दिखा दिया है। जनता ने बता दिया कि वे उन लोगों को वोट नहीं देते जो केवल अपने घरों में बैठे रहते हैं। एकनाथ शिंदे ने सवाल पूछा, लोकसभा चुनाव में महायुति को 2.48 करोड़ वोट मिले, जो 43.55 फीसदी है।

एमवीए को 2.5 करोड़ वोट मिले, जो 43.71 प्रतिशत था। फिर भी विपक्ष को 31 सीटें और महायुति को 17 सीटें मिलीं। क्या हमनें कहा कि ईवीएम घोटाला हुआ है? उन्होंने आगे कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार के बारे में भ्रम पैदा करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।

## राजधानी समेत नोएडा में बारिश, ठंडी हवा से सर्द हुआ मौसम

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में रविवार को बारिश हुई। मौसम विभाग ने पहले ही बारिश की संभावना जताई थी। बारिश के बाद से सर्दी बढ़ गई है। ठंडी हवा चलने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। पहाड़ों में हो रही बर्फबारी से आने वाली ठंडी हवाएं और एक नए पश्चिमी विक्षोभ ने रविवार को दिल्ली के लोगों को दिन में ठंड का अहसास कराया। वहीं, बादलों के बीच सूर्य की लुकाछिपी ने लोगों को दिन के समय ठंड का अहसास कराया। ठंडी हवाओं से आमजन बेहाल रहे।

# पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट को राहत, अदालत ने बरी किया

**नई दिल्ली।** गुजरात के पोरबंदर की एक अदालत ने 1997 के हिरासत में यातना मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे मामले को साबित नहीं कर सका। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश पंड्या ने शनिवार को पोरबंदर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) भट्ट को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज मामले में बरी कर दिया। यह धारा कबूलनामा प्राप्त करने के लिए गंभीर चोट पहुंचाने और अन्य प्रावधानों से संबंधित है। संजीव भट्ट को इससे पहले जामनगर में 1990 के हिरासत में मौत के मामले में आजीवन कारावास और पालनपुर में राजस्थान के एक वकील को फंसाने के लिए ड्रग्स रखने से संबंधित 1996 के मामले में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। वह वर्तमान में राजकोट सेंट्रल जेल में बंद है।

# श्रीलंकाई नौसेना ने आठ भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना की तरफ से भारतीय मछुआरों को पकड़ने का सिलसिला जारी है। रविवार की सुबह आठ भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने पकड़ और उनके पास से दो नावों को जब्त कर लिया। पकड़े गए मछुआरे तमिलनाडु के रामनाथपुरम के रहने वाले हैं। उनकी पहचान मंगदु भत्रप्पन, रेड्डयूरानी, कन्नन, चिन्ना रेड्डयूरानी मुथुराज, अगस्तियार कुटम काली और थंगाचिमद यासीन, जीसस, उचिपुल्ली रामकृष्णन और वेलु के तौर पर की गई है। मंडपम



मछुआरा संघ के अनुसार, पकड़े गए मछुआरे मंडपम से समुद्र की तरफ गए थे। वे पाक खाड़ी के समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ रहे थे। आज सुबह श्रीलंकाई नौसेना इस क्षेत्र में आई और मछुआरों के सीमा पार करने का दावा करने लगे। कल सात दिसंबर को रामनाथपुरम के मंडपम उत्तर तट से 324 नावों में मछुआरे पाक खाड़ी क्षेत्र में डेल्फ्ट द्वीप के पास मछली पकड़ रहे थे। श्रीलंकाई नौसेना आज सुबह इस क्षेत्र में पहुंची और दो नावों आईएनडी टीएन 11 एमएम को जब्त कर लिया। जांच के बाद मछुआरों और नावों को जाफना मत्स्य विभाग के अधिकारियों को के हवाले कर दिया गया। इससे मछुआरों में असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। बता दें कि भारत और श्रीलंका के संबंधों में मछुआरों का मुद्दा एक विवादास्पद मुद्दा है। इस तरह की ज्यादातर घटनाएं पाक जलडमरूमध्य में होती हैं। यह तमिलनाडु से उत्तरी श्रीलंका के बीच एक पट्टी है। यह मछलियों के लिए समृद्ध क्षेत्र माना जाता है।

इससे पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने श्रीलंकाई नौसेना द्वारा भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी को एक गंभीर मुद्दा बताते हुए केंद्र सरकार से ठोक और सक्रिय कदम उठाने की अपील की थी।

# वायनाड के लोगों से किया वादा पूरा करेंगी प्रियंका: रॉबर्ट

**मुंबई।** कांग्रेस पार्टी की तरफ से तमाम मुद्दे संसद के शीतकालीन सत्र के साथ तमाम राज्यों में उठाए जाए रहे हैं। वहीं भाजपा और केंद्र सरकार से अब कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने भी कई सवाल पूछे हैं। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए उन्होंने सबसे पहले प्रियंका गांधी बारे में कहा,



मुझे यकीन है कि प्रियंका वायनाड के लोगों से किए गए वादों को पूरा करेंगी। मैं हमेशा चाहता था कि प्रियंका संसद की सदस्य बनें... मुझे यकीन है कि प्रियंका उन मुद्दों को उजागर करेंगी जिन्हें भाजपा ने छिपाया है। वहीं किसानों के विरोध प्रदर्शन पर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, सरकार को उनकी मांगों को सुनना चाहिए और उनकी मदद करने का कोई रास्ता निकालना चाहिए।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ बंगाल में प्रदर्शन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। कोलकाता, कांथी, काकद्वीप, संदेशकाली और पुरुलिया में हिंदुत्ववादी संगठनों की ओर से आयोजित रैलियों में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इन प्रदर्शनों में लोगों ने हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की भी मांग की। कोलकाता के सॉल्ट लेक इंटरनेशनल बस टर्मिनस के पास प्रदर्शन में लोगों ने बांग्लादेश की जमदानी साड़ियों को जलाया। उन्होंने बांग्लादेश के सामान का बहिष्कार करने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि अगर तिरंगे का अपमान और हिंदुओं पर हमले जारी रहे, तो भारत के लोग चुप नहीं बैठेंगे।

# सिर्फ सेना नहीं, देश के लिए विशेषज्ञों की नागरिक सेना की भी जरूरत

## छात्रों से बोले जस्टिस सूर्यकांत

**गांधीनगर।** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने देश के हितों की रक्षा के लिए विशेषज्ञों की नागरिक सेना के गठन पर जोर दिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि देश के हित अंदर और बाहर दोनों जगह हैं। उन्होंने कहा कि आर्थिक, राजनीतिक, कानून के शासन और सुशासन में आगे बढ़ने वाले राष्ट्र को न केवल वर्दीधारी सेना की जरूरत है बल्कि हर क्षेत्र के विशेषज्ञों की नागरिक सेना की भी जरूरत है।

वे गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। यहां अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कानून का क्षेत्र पूर्णता की नहीं बल्कि दृढ़ता, जिज्ञासा और निष्पक्षता और समता के आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता की मांग करता है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि चाहें आप कानून स्नातक हों, आपराधिक कानून या अंतरराष्ट्रीय कानून के विशेषज्ञ हों, चाहे आप प्रोफेसर हों या वैज्ञानिक या इंजीनियर, या किसी अन्य जिम्मेदार पद पर हों, आप उस नागरिक सेना का हिस्सा बन जाते हैं जो बहुत सावधानी से, समझदारी से देश के भीतर और बाहर दोनों जगह देश के हितों की पूरी लगन से देखभाल करती है।

# दिल्ली की एक हजार झुग्गी-झोपड़ियों तक पहुंची भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ियों पर भाजपा ने लगातार अपना फोकस बनाकर रखा हुआ है। पहले झुग्गी-झोपड़ियों में रात्रि प्रवास कर उन्हें अपना बनाने की कोशिश कर चुकी भाजपा ने रविवार को राजधानी की लगभग एक हजार झुग्गी-झोपड़ियों में एक बार फिर संपर्क कर झुग्गियों का विकास करने का दावा दुहराया। पार्टी ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल ने झुग्गी के लोगों को साफ पानी और मुफ्त बिजली का जो वादा किया था, वे उसे पूरा करने में नाकाम रहे हैं, जबकि भाजपा ने इन गरीब लोगों को पक्का आवास उपलब्ध कराने का काम किया है। इस बार भी भाजपा सत्ता में आने पर बड़ी संख्या में झुग्गी-झोपड़ी के लोगों



को पक्के मकान दिलाने का वादा कर रही है।

भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना प्रमुख नारा अब नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे रखा है। रविवार को उसके प्रदर्शन में पहली बार यह नारा व्यापक रूप से दिखाई दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने झुग्गियों में पहुंचकर यही नारे लगाए। लेकिन भाजपा साथ-साथ झुग्गी-झोपड़ी वालों को यह बात बताना भी नहीं भूल रही है कि यदि वह सत्ता में आएगी तो उनके लिए वह क्या-क्या करेगी। इसके अंतर्गत सभी झुग्गी-झोपड़ी वालों को पक्के मकान देना, पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा देने वाली आयुष्मान योजना का लाभ देना और गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू करना शामिल है। अरविंद केजरीवाल ने रविवार को आरोप लगाया था कि भाजपा गरीबों को सपने दिखाती है, लेकिन बाद में उनकी झुग्गी तोड़ने का काम करती है। भाजपा महासचिव और झुग्गी-झोपड़ी सेल के प्रमुख विष्णु मित्तल ने इसे केजरीवाल का कोरा झूठ करार देते हुए कहा कि सच्चाई यह है कि केजरीवाल-आतिशी सरकार के प्रशासन ने अनेक स्थानों पर झुग्गियों को तोड़ने का आदेश दिया था, लेकिन उन्होंने स्वयं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आगे बढ़कर इसका विरोध किया जिसके बाद प्रशासन को पीछे हटना पड़ा। भाजपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी हर कीमत पर झुग्गियों का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है।

दिल्ली भाजपा उपाध्यक्ष लता गुप्ता ने सोनिया विहार झुग्गी बस्तियों में प्रवास के दौरान कहा कि केजरीवाल सरकार ने इन लोगों को मुफ्त पानी देने का वादा किया था, लेकिन सच्चाई यह है कि इन इलाकों में पानी ही नहीं आता। हर एक घर को साफ पानी के लिए प्रतिमाह औसतन दो हजार रुपये तक खर्च करना पड़ता है। इसके बाद भी यदि केजरीवाल इन लोगों की बेहतरी करने का दावा करें तो यह हास्यास्पद है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम में भी आम आदमी पार्टी की सरकार है। दिल्ली की हर झुग्गी-झोपड़ी में सफाई करना उनका काम है, लेकिन जगह-जगह पर फैले कूड़े का पहाड़ बताता है कि आम आदमी पार्टी अपने इस कर्तव्य को पूरा करने में बुरी तरह असफल साबित हो रही है। इससे इन झुग्गियों में बीमारियां फैलती हैं।

# जरूरतमंदो को मिलें बेहतर सेवायें : विश्वामित्र

## सिहावल विधायक ने देवसर अस्पताल एवं कन्या विद्यालय की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**सिंगरौली।** सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने देवसर अस्पताल एवं कन्या विद्यालय की व्यवस्थाओं का लिया जायजा। विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने एस.डी.एम. देवसर के साथ देवसर अस्पताल एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवसर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिये। अस्पताल देवसर में सर्वप्रथम राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जन आन्दोलन गतिविधि अन्तर्गत 7 दिसम्बर 2024 से 31 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय टीवी खोज विशेष अभियान का शुभारम्भ सम्भावित मरीज को कफ जांच हेतु कफ की डिब्बी देकर किया गया। अस्पताल में मरीजों को मिल रही आवश्यक सेवाओं के निरीक्षण के दौरान दवा वितरण कक्ष एवं शेड में आवश्यक सुधार कराने के लिये निर्देशित किया गया। पोषण पुर्नवास केन्द्र में बच्चों की कम संख्या पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये महिला बाल विकास के साथ समन्वय से अधिक से अधिक पात्र बच्चों को सेवायें देने के लिये कहा गया। अस्पताल देवसर में शौचालय की साफ-सफाई, अस्पताल भवन की साफ-सफाई एवं आवश्यक सुधार के लिये पी.डब्ल्यू.डी. एस.डी.ओ. को कहा गया। अस्पताल से आवासीय परिसर के मार्ग में पीसीसी निर्माण कराने के लिये अतिशीघ्र प्राक्कलन उपलब्ध कराने के लिये कहा गया। अस्पताल परिसर में मरीजों को देखने के लिये डॉक्टर रूम निर्माण के लिये स्थल अवलोकन कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने के लिये कहा गया। अस्पताल में उपलब्ध पुराने वाहनों की मरम्मत कराने एवं ड्राइवर की नियमानुसार व्यवस्था करने के लिये कहा गया। अस्पताल में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया। अस्पताल में आवासीय आबंटन में अनियमितता की शिकायत मिलने पर अस्पताल के नजदीक निवासरत मेडिकल ऑफिसर एवं स्टाफ को आवासीय कमरे आबंटित न कर बाहर से आने वाले मेडिकल ऑफिसर एवं स्टाफ के लिये आवासीय भवन का आबंटन प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के लिये कहा गया। इसके बाद शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवसर में दौरे के दौरान विद्यालय के प्रथम तल पर शेड निर्माण, मंच के ऊपर तथा मंच के पास टीन शेड बनाने, साइकिल स्टैण्ड बनाने तथा प्रांगण में पीसीसी कार्य के प्राक्कलन के लिये एस.डी.ओ., आर.ई.एस. को निर्देशित किया गया। विद्यालय परिसर एवं शौचालय में साफ-सफाई के लिये विद्यालय प्रबंधन को कहा गया। विद्यालय परिसर में एनसीएल, सीएसआर मद से 4 कक्षों के निर्माण की अतिशीघ्र स्वीकृति मिलने की जानकारी दी गई। विद्यालय में बेहतर पठन-पाठन एवं व्यवस्था सुधार हेतु आवश्यक सुझाव दिया गया। इस दौरान माइकल तिर्की प्रभारी एस.डी.एम. देवसर, डॉक्टर सी.एल. सिंह सी.बी.एम.ओ. देवसर, डॉक्टर संजय पटेल मेडिकल ऑफिसर देवसर, बी.डी. चौरसिया एस.डी.ओ. पी.डब्ल्यू.डी. देवसर, सूरज मिश्रा एस.डी.ओ. आर.ई.एस. देवसर, डॉ. रविशंकर जायसवाल, डॉ. आनन्द गुप्ता, डॉ. सीमा भूरिया, वीरेन्द्र पाण्डेय ए.टी.एल.एस., रामकृष्ण शुक्ला एस.टी.एस., एवं मेडिकल स्टाफ, विद्यालय के शिक्षकगण, गणमान्य जन उपस्थित रहें।

# पुलिस नाइट कॉम्बिंग गश्त में 176 आरोपियों पर पुलिस ने की कार्यवाही

## जिले में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले में कराया गया औचक निरीक्षण



**सिंगरौली**

मध्यरात्रि को 250 से अधिक पुलिस कर्मियों की अलग अलग टीमों ने नाइट कॉम्बिग गश्त के दौरान स्थाई वारंटी, गिरफ्तारी वारंटी, फरारी वारंटी, इनामी बदमाशों, जिला बदर व इनामी/गुण्डा/निगरानी बदमाश के साथ अन्य अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ करते हुए 176 आरोपियों पर कार्यवाई की गई। जिले में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के नेतृत्व में एवं अनुभाग के समस्त राजपत्रित अधिकारियों (पुलिस) के मार्गदर्शन में 250 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियो की अलग अलग टीमें बनाकर एवं उन्हे ब्रीफ कर नाइट कॉन्बिंग गश्त की। रात भर चली इस कार्यवाही में लगभग 6 घण्टे में 34 गिरफ्तारी वारंटी आरोपी गिरफ्तार किए हैं। 7 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। 71 निगरानी बदमाश, 62 गुण्डा बदमाश को चेक किया गया तथा 2 आबकारी एक्ट के प्रकरण पंजीबद्ध कर शराब जब्त की गई। इस दौरान शहर एवं कस्बों में एटीएम एवं बैंकों की सुरक्षा में लगाए गए उपकरण एवं सुरक्षा गार्ड को भी चेक किया गया। रात्रि कॉम्बिग गश्त के दौरान जिले के राजपत्रित अधिकारी एवं थाना/चौकी प्रभारीगणों नें पेट्रोलिंग कर प्रमुख चौक-चौराहों पर आने जाने वालों से पूछताछ की। इस दौरान बेवजह घूमते पाये गये युवकों को पुलिस अधिकारियों ने समझाइश दी, वही परिवारजन के साथ सफर कर रहे व्यक्तियों को कोई दिक्कत ना हो उसका भी ध्यान रखा गया। यह कार्यवाही पूरे जिले में एक साथ की गई।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सिंगरौली।** पुलिस अधिक्षक सिंगरौली मनीष खत्री के दिशा निर्देश में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में एवं एसडीओपी चितरंगी आशीष जैन के सतत निगरानी में तथा थाना प्रभारी गढ़वा अनिल कुमार पटेल के नेतृत्व में चौकी प्रभारी नौडीहवा उदयचन्द्र करिहार ने 24 घंटे के अन्दर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने की सफलता मिली है।

जानकारी मे बताया गया कि बीते 6 दिसम्बर को पीड़िता अपने मांता पिता के साथ थाना उपस्थित आकर आरोपी रामललित कोल पिता भोला कोल निवासी खैडार के विरूद्ध नाबालिग पीड़िता को बहला फुसलाकर शादी का झासा देकर पीडिता के साथ दुष्कर्म करने संबंधित रिपोर्ट लेख करायी थी जिसकी रिपोर्ट पर आरोपी उपरोक्त के विरूद्ध अप.क्र. 378/24 धारा 64(1), 137 (2), 87 बीएनएस एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया तथा घटना को गंभीरता से देखते हुए 24 घंटे के अंदर पुलिस चौकी नौडिहवा स्टाप द्वारा आरोपी रामललित कोल को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जिसे न्यायालय द्वारा जिला जेल पचौर में भेज दिया गया है। सराहनीय भूमिका निरीक्षक अनिल कुमार पटेल थाना प्रभारी गढ़वा, उनि उदय चन्द्र करीहार चौकी प्रभारी नौडाहवा, सउनि रमेश प्रसाद साकेत, प्रआर फूल सिंह, प्रआर धीरेन्द्र पटेल, आर. राजेश मिश्रा, आर सहजानंद सिंह, राजा का सराहनीय योगदान रहा है।

# जनकल्याण के लिए संवेदनशीलता से कार्य करे अधिकारी

## समाधान एवं सीएम हेल्प लाईन के लंबित प्रकरणो का संतुष्टि पूर्वक करे निराकरण : कमिश्नर



**सिंगरौली।** जिलाधिकारी जन कल्याण से संबंधित सभी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करे। तथा जन कल्याण के लिए अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करे। सीएम हेल्प लाईन के शिकायतो के निराकरण में सिंगरौली जिलें की रैकिंग हर बार की तरह इस बार भी टॉप 5 में बनाये रखे। उक्त आशय का निर्देश जिलें के प्रवास पर आएं संभागीय कमिश्नर बीएस जमोद के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित अधिकारियों के बैठक के दौरान दिया गया। विदित हो कि संभागीय कमिश्नर श्री जमोद के अध्यक्षता में एवं कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के गरिमामय उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं सहित विभागीय कार्यो के प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान कमिश्नर ने समाधान विंदु के लंबित प्रकरणो के निराकरण के प्रगति की जानकारी विभागवार लेने के पश्चात निर्देश दियें कि जो भी प्रकरण अभी तक लंबित है विभागीय अधिकारी गंभीरता पूर्वक निर्धारित समय सीमा में प्रकरणो का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही सीएम हेल्प लाईन की लंबित शिकायतों 50 दिवस,100 दिवस उन्हें भी संतुष्टि पूर्वक निराकृत करे। उन्होंने निर्देश दिये कि ऐसे विभाग जो सी तथा डी श्रेणी में है वे अपने ग्रेडिंग में सुधार लाए।संभागीय कमिश्नर ने खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुयें जिले में कुल पात्र परिवारों की जानकारी ली। तथा निर्देश दिये गये पात्र परिवारों को समय पर उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से राशन उपलंब्ध करायें। साथ ही इस आशय के भी निर्देश दियें कि अपात्र परिवारो को चिन्हित कर पात्रता सूची से उनका नाम हटाने की कार्यवाही भी किया जायें। साथ ऐसे हितग्राही जो पात्रता रखते है । उनका नाम पात्रता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ने की कार्यवाही करे। हल्का पटवारी अपने अपने क्षेत्र के कम से दो अपात्र हितग्राहियों की जानकारी जिला प्रशासन को दिया जाना सुनिश्चित करे।समीक्षा बैठक के दौरान वृहद पेयजल प्रदाय योजना के तीनो ईकाइयो के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दियें कि कार्य में प्रगति लाएं समय पर पेयजल उपलंब्ध कराये। किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर मुझे एवं जिला कलेक्टर को अवगत कराये ताकि आने वाली कठिनाई का समाधान किया जा सके। इसके साथ ही आरईएस विभाग के सहायक यंत्री के द्वारा विगत 6 माह में मनरेगा योजना के तहत चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया है इसकी जॉच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।

# पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करते तस्कर को पकड़ा

## भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त, 2 माह से फरार स्थाई वारन्टी भी धराए



सिंगरौली। बीती रात चितरंगी पुलिस ने कांबिंग गस्त के दौरान सक्रियता दिखाते हुए थाना क्षेत्र से अवैध रूप से परिवहन करते भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके पास से करीब 60 लीटर अवैध शराब बरामद हुई है। वही मारपीट एवं अन्य प्रकरण में फरार दो स्थाई वारंटी को भी धर दबोचा गया। जानकारी अनुसार सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन एवं अतरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के सतत मार्गदर्शन व एसडीओपी आशीष जैन के नेतृत्व में थाना प्रभारी चितरंगी उनि. सुरेन्द्र यादव द्वारा शनिवार रविवार की दरमियानी रात काबिंग गस्त के दौरान मुखबिरो को सक्रिय कर आरोपियो की धर पकड हेतु स्वयं के नेतृत्व में टीमे रवाना की गई। वहीं चितरंगी करथुआ मुख्य मार्ग पर कुडैनिया प्रथम में वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान सकरिया तरफ से आ रहे आटो क्रमांक एमपी 66आर 2419 को रूकवा कर तलासी ली गई, आटो में 6 कार्टून शराब (4 कार्टून में कुल 200 पाव देशी सफेद शराब तथा 2 कार्टून मे 48 केन बियर) कुल 60 लीटर शराब कीमती 23200 रूपये जप्त कर आरोपी आशीष कुमार यादव पिता लालजी यादव उम्र 29 वर्ष निवासी देवगाव को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। वहीं गस्ती दल की टीम द्वारा न्यायालय के सत्र प्रकरण क्रमांक 70/2024 में फरार स्थायी वारंटियो पारस लाल बैगा पिता हरिलाल बैगा उम्र 32 वर्ष निवासी सकरिया एवं रामबरन बैगा पिता हरिलाल बैगा उम्र 32 वर्ष निवासी सकरिया थाना चितरंगी को सकरिया से गिरफ्तार कर सभी आरोपियों को न्यायालय बैढन में पेश किया गया।उक्त कार्यवाही में चितरंगी प्रभारी उनि. सुरेन्द्र यादव, उनि. बीपी कोल, आर भैयालाल यादव, आशीष पाल, नन्दलाल यादव, सुदर्शन चौहान, बीर प्रताप सिंह, शिव कुमार पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

# सार्वजनिक बैंकों में 1 जनवरी 2025 से लागू होगी समान बैंकिंग समय

**सिंगरौली।** एलडीएम रंजीत कुमार ने जानकारी देते हुये अवगत कराया है कि राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ,भोपाल, मध्य प्रदेश द्वारा सार्वजनिक बैंकों में समान बैंकिंग समय लागू करने की घोषणा की गई है जिसे जिला स्तरीय सलाहकार समिति के अध्यक्ष कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला द्वारा अनुमोदित किया गया । यह नवीन समय सारिणी, सिंगरौली ज़िले के समस्त सार्वजनिक बैंक शाखा के लिए 1 जनवरी 2025 से लागू होगी । इस निर्णय का उद्देश्य ग्राहकों को सुविधाजनक सेवा प्रदान करना और बैंकिंग प्रणाली में एकरूपता लाना है।

# आप जिलाध्यक्ष की अगुआई मे डॉक्टर अंबेडकर प्रतिमा पर जलाया गया कैंडल



**सिंगरौली।** आम आदमी पार्टी सिंगरौली जिलाध्यक्ष रतिभान प्रसाद के नेतृत्व में अंबेडकर चौक पहुंचकर डॉक्टर अंबेडकर के प्रतिमा पर कैंडल जलाया गया। साथ ही विनम्र श्रद्धांजलि समर्पित किया गया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के पिछड़े वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अक्षय कुमार शाह। आम आदमी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला संयुक्त सचिव संजय शाह आम आदमी पार्टी जॉइंट सेक्रेटरी शिव शाह आम आदमी पार्टी यूथ के जिला अध्यक्ष नीरज कुमार कुशवाहा आम आदमी पार्टी जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमारी शाह आम आदमी पार्टी महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष उषा कुशवाहा आम आदमी पार्टी पिछड़े वर्ग के जिला उपाध्यक्ष राममिलन केवट आम आदमी पार्टी पूर्व पार्षद प्रत्याशी राजेश शाह आम आदमी पार्टी पूर्व पार्षद प्रत्याशी मुन्नी केवट आम आदमी पार्टी सक्रिय सदस्य अनिल कुमार शाह शंकर कोल सहित सैकड़ो उपस्थित रहे।

# कई वर्षो से फरार 2 स्थायी वारंटियो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिंगरौली।** सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के दिशा निर्देश एंव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन व नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते एवं कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह परिहार के सतत निगरानी में फरारी वारंटियो को गिरफ्तारी हेतु चलाये गये काम्बिंग गस्त के दौरान खुटार पुलिस ने बीते 10 वर्षो से फरार 2 स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है।

जानकारी अनुसार बीती रात काम्बिग गस्त के दौरान न्यायालय बैढन के प्रकरण क्रमांक 648/14 धारा 135 विद्युत अधिनियम मे जारी स्थायी वारंटी वीर सिंह खैरवार पिता छोटे सिंह खैरवार उम्र 28 वर्ष निवासी गहिलरा थाना बैढन को ग्राम गहिलरा से गिरफ्तार किया गया एवं प्रकरण क्रमांक 4132/13 धारा 294, 323, 506, 34 भादवि मे जारी स्थायी वारंटी रामनरेश केवट पिता जगन्नाथ केवट उम्र 35 वर्ष निवासी खरखटी को चौकी खुटार पुलिस टीम द्वारा कडी मशक्कत कर ग्राम गोदवाली थाना बरगवां से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। जहां उसे उन्हें जेल भेज दिया गया।उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उपनिरी. साहबलाल सिंह परिहार के नेतृत्व में प्र. आर. राय सिंह, गणेश मीणा, कुलदीप शर्मा, रावेन्द्र सिंह आर. गौरव यादव एवं आर अभिषेक सिंह की महत्तपूर्ण भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में प्रत्येक पंचायत और नगरीय निकाय के वार्डों में लगेंगे शिविर

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से लोक कल्याण अभियान की तैयारियों के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से किया संवाद




**सिंगरौली।** प्रदेश में 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक लोक कल्याण अभियान तथा 15 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक लोक कल्याण पर्व मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अभियान की तैयारियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। अभियान 11 दिसम्बर से गीता जयंती से आरंभ होगा। इसका समापन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को होगा। अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में भी यदि हितग्राही लाभ पाने से वंचित रह गए तो उन्हें 26 जनवरी को लाभान्वित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और शहरी क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम नोडल अधिकारी होंगे। कलेक्टर पूरे जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के शिविरों की तिथियाँ निर्धारित कर प्रिंट और सोशल मीडिया के माध्यम से उनका प्रचार-प्रसार कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी तथा अधिकारियों के दल तत्काल तैनात कर दें। प्रत्येक दिन की गतिविधि तथा लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज होगी। विभाग अपनी योजनाओं का लाभ देने के लिए अलग से भी शिविर लगा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक लोक कल्याण पर्व मनाया जाएगा। इस अवधि में अलग-अलग विषयों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 11 दिसम्बर को गीता जयंती पर गीता पाठ का आयोजन होगा। अभियान के दौरान सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जाए। लोकार्पण और भूमिपूजन के कार्य भी कराए जाएंगे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग से रीवा कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से राज्यमंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह, विधायक देवसर राजेन्द्र मेश्राम, विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह, महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खंत्री, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेंय, प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, सहित संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा सहित जन प्रतिनिधि एवं जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# हर पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ दें : मुख्यमंत्री

## प्रदेश में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक चलेगाः मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान में प्रत्येक पंचायत और नगरीय निकाय के वार्डों में लगेंगे शिविर

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से जन कल्याण अभियान की तैयारियों के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से किया संवाद



**सीधी।** प्रदेश में 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान तथा 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर 2024 तक जन कल्याण पर्व मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अभियान की तैयारियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। अभियान 11 दिसम्बर से गीता जयंती से आरंभ होगा। इसका समापन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को होगा। अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में भी यदि हितग्राही लाभ पाने से वंचित रह गए तो उन्हें 26 जनवरी को लाभान्वित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और शहरी क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम नोडल अधिकारी होंगे। कलेक्टर पूरे जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के शिविरों की तिथियाँ निर्धारित कर प्रिंट और सोशल मीडिया के माध्यम से उनका प्रचार-प्रसार कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी तथा अधिकारियों के दल तत्काल तैनात कर दें। प्रत्येक दिन की गतिविधि तथा लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज होगी। विभाग अपनी योजनाओं का लाभ देने के लिए अलग से भी शिविर लगा सकते हैं। परिवहन विभाग स्कूल और महाविद्यालयों में शिविर लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाएं। राजस्व महाभियान अब 15 दिसम्बर को समाप्त नहीं होगा, यह अभियान 26 जनवरी तक चलाया जाएगा। लोक कल्याण अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों, विकासखण्डों, अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस में सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के दौरान 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक लोक कल्याण पर्व मनाया जाएगा। इस अवधि में अलग-अलग विषयों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 11 दिसम्बर को गीता जयंती पर गीता पाठ का आयोजन होगा। अभियान के दौरान सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किया जाए। लोकार्पण और भूमिपूजन के कार्य भी कराए जाएंगे।

एनआईसी केन्द्र से विधायक सीधी रीती पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेंद्र सिंह परिहार, कुसमी श्यामवती सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सीधी काजल वर्मा, रामपुर नैकिन राम कुमार साहू शामिल हुए। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रो. अनिल सिंह को मिला डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्णन एवार्ड




**सीधी।** 20वी सेक्टर एनसीआर न्यू दिल्ली के दशमेश प्लाजा भवन के तृतीय तल के सभागार में डॉ. सी.पी. यादव के संयोजन मे 7 दिसम्बर 24 को सम्पन्न हुए मैजिक बुक ऑफ रिकॉर्ड एवं मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी के द्वारा विशिष्ट क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले और उपलब्धि अर्जित करने वाले व्यक्तित्वों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय अवार्ड प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। इस गरिमामय एवार्ड सेरेमनी के भव्य समारोह के दौरान सीधी जिले से प्रो. अनिल कुमार सिंह सत्यप्रिय एवं डॉक्टर कमलापति गौतम कमल को डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आइकॉन एजुकेशन अवार्ड के लिए चुना गया था, जिन्हें एवार्ड देकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि प्रो. अनिल कुमार सिंह सत्यप्रिय संजय गांधी प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज सीधी में अंग्रेजी के प्राध्यापक हैं। इनकी एक दर्जन से अधिक किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं, इन्हें पूर्व में साहित्य श्री एवं मणिदीप सृजन सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। वही हरि विलास गुप्ता हरि और रंजना शर्मा रंजन को अन्य विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। देश के लगभग सभी प्रदेशों से लगभग तीन दर्जन से अधिक चयनित एवार्डी मेंबर्स अपने परिजनों के साथ एवार्ड लेने के लिए आए। मुंबई से पधारे देश के सुप्रसिद्ध फिल्म डायरेक्टर डॉ. मनोज भाटिया के मुख्य आतिथ्य में एवं अन्य पांच देश के नामी हस्तियों के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुए इस अवार्ड सेरेमनी में उन्हीं के द्वारा उक्त पुरष्कृत एवार्ड प्रदान किए गए। अवार्ड सेरमनी के दौरान जहां मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने अपने उद्बोधन दिए। इस समारोह में प्रोफेसर अनिल सिंह ने कहा कि डॉ राधा कृष्णन के नाम से दिए गए इस सम्मान के लिए मैं इस विश्वविद्यालय का आभारी हूं, अपने जीवन में राधाकृष्णन के आदर्श एवं उनके सपनों को पूरा करने की दिशा में कार्य करता रहूंगा। इस सम्मान से मेरा दायित्व प्रगतिशील आध्यात्मिकता के क्षेत्र में और बढ़ गया है। इस सम्मान के लिए प्रो. संतोष सिंह चौहान, ऋ चा सिंह, आदर्श सिंह, मयंक सिंह, साक्षी सिंह एवं समाजसेवी संजीव मिश्रा आदि ने बधाई दी है।

# विधायक तथा कलेक्टर ने किया छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण

## स्टेडियम को सुव्यवस्थित करने कार्य योजना बनाने के दिए निर्देश



**सीधी।** विधायक सीधी रीती पाठक तथा कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा छत्रसाल स्टेडियम का निरीक्षण कर स्टेडियम को सुव्यवस्थित करने कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया है कि छत्रसाल स्टेडियम को खिलाड़ियों के लिए सर्वसुविधायुक्त बनाया जाए। इसके लिए खिलाड़ियों से चर्चा कर उनकी आवश्यकताओं की लिस्ट बना लें। उपलब्ध संसाधनों के आधार पर फेस वाइल्ड विस्तृत कार्य योजना बना लें। छत्रसाल स्टेडियम जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए महत्वपूर्ण है। स्टेडियम में सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। शुद्ध पेयजल, शौचालय, मैदान का समतलीकरण, समुचित प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेन्द्र सिंह परिहार, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल, सहायक यंत्री बी के तिवारी, उपयंत्री अशोक मिश्रा उपस्थित रहें।

# जिले में इस बार बनेंगे 8 नए मंडल अध्यक्ष, निर्वाचन प्रक्रिया 15 तक होगी पूरी

## निर्वाचन को लेकर हो रही मंत्रणा, माह के अंत तक जिला अध्यक्ष का भी होगा निर्वाचन

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी में इस बार 8 नए मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन किया जाएगा। जबकि उसके पहले जिले में 15 मंडल अध्यक्ष थे। जिन्हें कि बढ़ाकर अब 23 कर दिया गया है। जिनके निर्वाचन की प्रक्रिया हो रही है। उम्मीद है कि 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का निर्वाचन प्रक्रिया पूरी करा दी जाएगी। उसके बाद जिला अध्यक्ष का निर्वाचन माह के अंत तक होने की उम्मीद मानी जा रही है। भाजपा के निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पराशर लगातार संपर्क में मीटिंग भी कर रहे हैं। वहीं सहायक निर्वाचन अधिकारी बृजबिहारी लाल शर्मा के नेतृत्व में निर्वाचन की प्रक्रिया कराने का अभियान किया जा रहा है। इसके लिए एक अलग से अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। पूरे निर्वाचन प्रक्रिया में पार्टी के गाईडलाईन के तहत मंडल अध्यक्ष में वही निर्वाचित होंगे जिनकी उम्र 35 से 45 वर्ष तक होगी। वहीं जिला अध्यक्ष की उम्र 45 से 60 वर्ष तक नियत की गई है। पूरे निर्वाचन को लेकर चुनावी प्रक्रिया के तहत काम किया जा रहा है। पिछले बार तक जिले में 15 मंडल अध्यक्ष बने थे लेकिन इस बार 23 मंडल अध्यक्ष



बनाए जाएंगे जिसमें 8 नए मंडल अध्यक्षों में चुरहट विधानसभा से चोरगड़ी, पडखुरी एवं हनुमानगढ़ शामिल है। वहीं सीधी विधानसभा से अमरपुर तथा चौफाल को मंडल में शामिल किया गया है। इसी तरह सिहावल से मयापुर एवं अमिलिया तथा धौहनी से खड़ौरा में नए मंडल अध्यक्ष बनेंगे। पार्टी के गाइडलाइन के तहत 33 प्रतिशत महिलाओं को भी मंडल अध्यक्ष बनाना है। ऐसी स्थिति में सीधी जिले में भी 5 से 8 मंडलों में महिला अध्यक्षों की भी नियुक्ति हो सकती है।

जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी बृजबिहारी लाल शर्मा ने बताया कि पार्टी के गाइडलाइन के तहत हर गतिविधियों का पालन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि निर्वाचन के जिला अधिकारी श्री पराशर के निर्देशानुसार चुनावी गतिविधियां पूर्ण कराने का काम किया जाएगा। जिसके तहत 15 दिसंबर तक जिले के सभी 23 मंडलों में अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। इसके बाद 30 दिसंबर तक जिला अध्यक्ष का निर्वाचन होगा। श्री शर्मा ने बताया कि जो पार्टी का गाइडलाइन है उसके तहत गंभीर प्रवृत्ति के अपराध में लिप्त जो आदतन अपराधी हैं उन्हें मंडल अध्यक्ष या जिला अध्यक्ष नहीं बनाया जाएगा।

इस संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष देवकुमार सिंह चौहान ने कहा कि निर्वाचन का काम पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा जिले में जिसे सौंपे हैं वह इसमें काम कर रहे हैं। इस मामले में हम कुछ जानकारी नहीं दे सकते हैं। सिर्फ व्यवस्था बतौर हम उनका सहयोग कर रहे हैं।

# पंचायत में अतिक्रमण को लेकर तहसीलदार को दिया गया पत्र

**सीधी।** जनपद पंचायत सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत भनवारी में शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कराए जाने को लेकर सरपंच भनवारी द्वारा तहसीलदार बहरी को ज्ञापन दिया गया है। जिसमें कि मांग की गई है कि शासकीय भूमि में जो काबिज हैं उनका अतिक्रमण हटाया जाए जिसके तहत सरपंच के अनुसार मुख्य मार्ग रंगीले कोल के घर से अरुण द्विवेदी के घर तक शासकीय सडक् दर्ज है। जिस पर रोड़ से सटे भू-स्वामियों द्वारा शासकीय मार्ग में कच्ची बाउंड्री बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। जब किसी मार्ग में विधायक द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना अंतर्गत 15 लाख रुपए स्वीकृत हो चुकी है। उक्त मार्ग में आमजन व स्कूली बच्चों के आवागवन में हो रही समस्या को देखते हुए पीसीसी सडक् का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना जरूरी है। ऐसी स्थिति में सडक् का सीमांकन 5 सदस्यीय टीम गठित कर पुलिस बल की उपस्थिति में सीमांकन व अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की जाए। जिससे स्वीकृत कार्य को प्रारंभ किया जा सके।




इसके साथ ही भनवारी पंचायत अंतर्गत ही मुख्य मार्ग हाई स्कूल फुलवारी से ग्राम देवी बूढ़ी माता मंदिर तक शासकीय जमीन दर्ज है। जिस पर रोड़ से सटे भूमिस्वामी द्वारा शासकीय जमीन में अतिक्रमण किया गया है। इसके लिए भी विधायक सिहावल द्वारा 15 लाख रुपए स्वीकृत हो चुकी है। यहां भी आवागवन प्रभावित है। इसके लिए भी जमीन खाली कराने का आवेदन तहसीलदार को दिया गया है। वहीं मुख्य मार्ग रामरक्षा द्विवेदी के घर से ताम्रध्वज द्विवेदी के धर तक शासकीय सडक् दर्ज है। जिस पर सडक् से सटे भूमि में लोगों ने अतिक्रमण किया है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक द्वारा 20 लाख रुपए स्वीकृत कराई जा चुकी है। उक्त भूमि को खाली कराए जाने के लिए भी आवेदन दिया जा चुका है। इसके अलावा कई ऐसे भूमि हैं जिस पर सरपंच द्वारा तहसीलदार को आवेदन देकर खाली कराने की अपील किया है। भनवारी पंचायत की सरपंच श्रीमती सुमन साहू द्वारा जो आवेदन तहसीलदार को विगत माह दिया गया है उस पर यदि कार्यवाही होगी तो कई शासकीय जमीन जिन्होने अतिक्रमण किए हैं वह अतिक्रमण से मुक्त होकर सडक् निर्माण का काम कराया जाएगा। कारण यह कि सडक् सार्वजनिक मार्ग होता है। जिसके लिए विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक ने आम जन को सडक् की सौगात दिलाने के लिए यह बड़ी राशि पंचायत को दिए हैं। ऐसे में जाहिर है कि अतिक्रमणकारियों पर कार्यवाही की गाज गिर सकती है। इस संबंध में प्रभारी तहसीलदार चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि अतिक्रमण को लेकर हमें जो आवेदन आए होंगे वह हम कार्यालयीन समय में देखकर बताएंगे।

# अवैध रेत परिवहन पर हुई कार्यवाही

**सीधी**

जिले के कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर में राजस्व एवं पुलिस की टीम ने शनिवार देर रात छापामार कार्यवाही की। जहां गोपत नदी से अवैध रेत की निकासी कर परिवहन करते एक लाल रंग के ट्रैक्टर को पकड़ लिया है। राजस्व से मिली जानकारी अनुसार 8 दिसंबर 2024 की दरमियानी रात राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग का आकस्मिक निरीक्षण ग्राम रामपुर में किया गया। जहां ट्रैक्टर वाहन क्रमांक एमपी 53 एए 7065 समय लगभग 12-30 बजे रात का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गय।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : रीती

**सीधी**

प्रदेश में 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान का संचालन किया जावेगा। इस अभियान के तहत शासकीय योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों को घर-घर सर्वे कर चिन्हांकित कर उन्हें लाभान्वित किया जावेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार वीडियों कांफ्रेसिंग के पश्चात विधायक सीधी रीती पाठक की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई।

विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार जिले में अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इस अभियान में सभी



जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पात्रतानुसार शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। विधायक ने कहा कि इस अभियान के पश्चात कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के हितलाभ से वंचित नहीं रहे। ग्राम पंचायत में शिविर लगने के पूर्व ही घर-घर सर्वे कर योजना के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों का सर्वे कार्य करा लें। यह प्रयास करें कि शिविर के दिन ही अधिकतम हितग्राहियों को लाभान्वित कर दिया जाए। विधायक ने शिविर के दौरान शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आसान शब्दों में ग्राम वासियों को बताने के लिए कहा है। विधायक ने कहा कि आमजन को जागरूक कराना हमारी सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सही जानकारी नागरिकों को सशक्त बनाती है। योजनाओं की जानकारी होने पर हितग्राही अधिकार पूर्वक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने कहा कि सभी उपखण्ड अधिकारी राजस्व एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा नगर पालिका अधिकारी अग्रणी भूमिका निभायेंगे। कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान प्रत्येक स्थानीय निकाय से इस आशय का प्रमाण पत्र लिया जावेगा कि आज की तिथि में कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के हितलाभ से वंचित नहीं हैं। गलत जानकारी प्रस्तुत करने वालों के विरूद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद अध्यक्ष सीधी धर्मेंद्र सिंह परिहार, कुसमी श्यामवती सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सीधी काजल वर्मा, रामपुर नैकिन राम कुमार साहू, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**म.प्र. लोक निर्माण विभाग, (भ./स.) सीधी संभाग सीधी**
Website – www.mppwd.gov.in/pwdmp, email – eepwdsidhi@mp.nic.in

नि सू क्र. 06/2024–25 सीधी, दिनांक 03.12.2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यों हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधनों सहित के आधार पर, प्रपत्र – 'अ' में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हों, से आमंत्रित की जाती है : –

| ग्रुप क्र. | टेंडर आई0डी0 | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि (रु लाख में) | 1. अमानत राशि 2. नि. प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्रमांक 2. कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2024_PWDRB_384123 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत हवाई पट्टी अमरवाह में लाउजिंग (रेस्ट हाउस) का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 4.23 | 1. 8460 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह |
| 2 | 2024_PWDRB_384124 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत करही से करवाही मार्ग के कि. मी. 1/6 में 900 एम.एम. डाया 7 रो ह्यूम पाईप रपटा का विशेष मरम्मत कार्य लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 25. 03.2022 | 4.21 | 1. 8420 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह |
| 3 | 2024_PWDRB_384125 | उपसंभाग सीधी के सिविल लाईन सीधी अन्तर्गत आवासीय भवन क्र. 152 एफ टाईप (एस.डी.एम. बंगला) का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01. 01.2024 | 4.21 | 1. 8420 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह |
| 4 | 2024_PWDRB_384126 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत जिला न्यायालय सीधी में ब्लाक–ए भवन के छत का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 4.13 | 1. 8260 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह |
| 5 | 2024_PWDRB_384127 | उपसंभाग सीधी अन्तर्गत जिला न्यायालय सीधी में ब्लाक–बी भवन का विशेष मरम्मत कार्य। लो0नि0वि0, भवन एस.ओ.आर. 01.01.2024 | 4.21 | 1. 8420 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह |
| 6 | 2024_PWDRB_384128 | उपसंभाग मझौली अन्तर्गत ठोंगा सरेहा मार्ग लं. 2.01 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। लो0नि0वि0, सड़क एस.ओ.आर. 25.03.2022 | 16.80 | 1. 33600 2. 2000 | 1. प्रथम आमंत्रण 2 03 माह |
| | | योग :– | 37.79 | | |

1. ऑन लाइन पोर्टल http://mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने, डाउनलोड एवं निविदा डालने का समय एवं दिनांक 07.12.2024 सुबह 10.30 से 21.12.2024 शाम 5.30 तक है।
2. अमानत राशि, केन्द्रीयकृत पी.डब्लू.डी. पंजीयन, शपथ पत्र, जी.एस.टी.एन. एवं अन्य अभिलेख (लिफाफा–अ), सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जा सकते है।
3. निविदा से संबंधित सशोधन, समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेवसाइट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

(एम.के. परते)
कार्यपालन यंत्री
जी-19934/24 लो.नि.वि., संभाग सीधी (म.प्र.)

## संपादकीय

### ऑनलाइन मकड़जाल में साइबर सेंधमारी, मोबाइल बन रहा जी का जंजाल

साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं के बीच मोबाइल फोन का उपयोग करने वालों के लिए जोखिम लगातार बढ़ रहा है। एक ओर लोगों के डेटा निरंतर चुराने की खबरें आती हैं, वहीं अब मोबाइल में बेतहाशा सेंधमारी होने लगी है। इसका अर्थ है कि लोगों की निजता खतरे में है। बैंकिंग लेन-देन से लेकर उनकी तमाम गतिविधियों पर नजर है। मोबाइल उपयोगकर्ता की सभी जानकारियां पलक झपकते सेंधमारों तक पहुंच जाती है। इसके बाद क्या होता है, यह किसी से छिपा नहीं है। फिलहाल तो इस खबर ने चिंता बढ़ा दी है कि हमारे यहां मोबाइल फोन में सर्वाधिक सेंधमारी हो रही है। 'जेडस्केलर थ्रेटलैब्ज 2024 मोबाइल, आइओटी एंड ओटी थ्रेट रपट' को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसके मुताबिक, दुनिया भर में हुई सेंधमारी के क्रम में भारत में सबसे अधिक अट्ठाईस फीसद हमले हुए। मोबाइल उपयोग करने वालों के लिए यह खतरे की घंटी है, तो दूरसंचार कंपनियों और मोबाइल निर्माताओं के लिए चेतावनी भी। उन्हें बढ़ते साइबर खतरों के बीच अब सुरक्षा उपाय के लिए नए कदम उठाने होंगे। अंतरजाल की दुनिया में आंख मूंद कर किसी पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जरा-सी लापरवाही मुसीबत में डाल देती है। इसे गंभीरता से लेने की जरूरत इसलिए भी है, क्योंकि आज के दौर में सभी गतिविधियां मोबाइल, लैपटाप अथवा कंप्यूटर में केंद्रित हो गई है। लोग अपने से संबंधित कई संवेदनशील जानकारियां मोबाइल में रखते हैं। एक रपट के अनुसार, वास्तविक बैंकिंग वेबसाइट की हूबहू नकल वाली वेबसाइट तैयार कर ग्राहकों को भ्रमित किया जाता है। किसी अनजान लिंक पर पहुंचते ही साजिशों की घेराबंदी शुरू हो जाती है। मोबाइल 'स्पाइवेयर' से भी सतर्क रहने की जरूरत है, क्योंकि यह उपभोक्ताओं की निजी जानकारियां गुप्त तरीके से चुरा लेता है। सबसे बड़ा खतरा वित्तीय धोखाधड़ी का है।

# बाघों से भी कम बचे भेड़ियों के संरक्षण से रुकेगा मानव-वन्यजीव संघर्ष

(मलायका मैथ्यू चावला)

देश में भेड़ियों की संख्या बाघ से भी कम है लेकिन उनके संरक्षण की कोशिशें तुलनात्मक रूप से कम होती हैं। इस वजह से आए दिन भेड़िया और मानव संघर्ष की घटनाएं होती रहती हैं। भारतीय ग्रे भेड़िया देशभर में अपने संभावित आवासों के 40 प्रतिशत से भी कम में पाया गया। भेड़ियों की आबादी कम होती जा रही है। उनके आवास, जो मुख्य रूप से घास के मैदान हैं, गायब हो रहे हैं। देश में भेड़िया संरक्षण के कम ही उदाहरण देखने को मिलते हैं। ऐसा एक उदाहरण झारखंड में महुआडानर भेड़िया अभयारण्य है । यह अभयारण्य भेड़ियों के संरक्षण के लिए स्थापित किया गया है। लोगों में सियार और भेड़िया को लेकर कई भ्रांतियां हैं जिससे इंसान के साथ संघर्ष बढ़ रहा है। संरक्षण और जागरुकता के द्वारा मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम किया जा सकता है।

उत्तर प्रदेश के बहराइच में ग्रामीणों पर जंगली जानवरों के हमले के बाद टीवी समाचारों द्वारा फैलाई गई व्यापक गलत सूचना के बीच ये सवाल उठ सकते हैं। भेड़ियों और सियार पर अवैज्ञानिक सूचनाओं की बाढ़ ने पूरे उत्तर भारत में लोगों में भय और दहशत पैदा कर दी। हमलों के दौरान भेड़ियों और सियारों की पहचान को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रही। कुछ अखबारों और समाचार वेबसाइट ने सियारों की इंटरनेट से ली हुई तस्वीरें इस्तेमाल कर उन्हें भेड़िया बताया। परिणामस्वरूप, बिहार में कुछ ग्रामीणों द्वारा एक सियार को मार डाला गया। भारत और नेपाल की सीमा के पास बसे बहराइच के इस मामले से यह स्पष्ट है कि भेड़िये और सियार अभी भी हमारे संरक्षण प्रयासों में हाशिये पर हैं। भेड़ियों के साथ मानवीय संघर्षों से निपटने के तरीके या उन स्थितियों की समझ की कमी है, जिनके कारण भेड़िये और सियार लोगों पर हमला कर सकते हैं।

भेड़ियों और सियारों के बीच मुख्य अंतर क्या हैं?

भारत में कई जंगली कैनिड प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें लोमड़ी, सियार, भेड़िये और ढोल या एशियाई जंगली कुत्ते शामिल हैं। हमारे पास लकड़बग्घे की भी एक प्रजाति है जिसे अंग्रेजी में स्ट्राइप्ड हायना के नाम से जाना जाता है। भारत में भेड़ियों की दो प्रजातियाँ हैं- भारतीय ग्रे वुल्फ या भारतीय भेड़िया (कैनिस ल्यूपस पैलिप्स) और हिमालयी भेड़िया (कैनिस ल्यूपस चान्को)। भारतीय भेड़िया, भेड़ियों की एक प्राचीन वंशावली से हैं जो केवल भारत और पाकिस्तान में पाए जाते हैं। वे घास के मैदानों, काटे वाले जंगलों और कृषि क्षेत्रों में रहते हैं। वे घने जंगलों में नहीं रहते। वैज्ञानिकों के अनुसार, भारतीय भेड़िया एक लुप्तप्राय प्रजाति है, क्योंकि उनकी आबादी बहुत कम है। दिलचस्प बात यह है कि हमारे देश में भेड़ियों की संख्या बाघों की संख्या से कम है।



शोध से पता चला है कि पश्चिम में गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र भेड़ियों के लिए महत्वपूर्ण निवास स्थान हैं। उत्तर में, वे बहराइच जिले के तराई क्षेत्र में और पूर्व में पश्चिम बंगाल तक पाए जाते हैं। दक्षिण में, वे दक्कन के पठार में और कभी-कभी इसके दक्षिण में सूखे जंगलों में पाए जाते हैं। यह ध्यान रखना बहुत महत्वपूर्ण है कि भारतीय भेड़ियों का लगभग पूरा वितरण संरक्षित क्षेत्रों से बाहर है। झारखंड में महुआडानर भेड़िया अभयारण्य उन मुट्ठी भर संरक्षित क्षेत्रों में से एक है जो भेड़ियों के संरक्षण के लिए स्थापित किए गए हैं। असुरक्षित घास के मैदान और कंटीले जंगल, जिनका उपयोग पशुपालक समुदायों द्वारा चराई के लिए किया जाता है, भेड़िया आबादी के अंतिम बचे हुए निवास स्थान हैं।

सियार भेड़ियों की तुलना में बहुत ज्यादा आम हैं। वे मुंबई जैसे महानगरों सहित कई राज्यों में देखे जाते हैं। सियार ऐसे जानवर हैं जो शहरों से लेकर तटीय आवासों और जंगलों तक के विविध आवासों में सहस्राब्दियों से लोगों के साथ रहते आए हैं। सियार कई स्थानीय लोक कथाओं और गीतों का हिस्सा हैं। गोवा में, कई बच्चे 'सियार चाचा' और 'सियार चाची' के बारे में कहानियां सुनते हुए बड़े होते हैं जो उन्हें बड़ों द्वारा सुनाई जाती हैं या जो उनकी स्कूली पाठ्यपुस्तकों में शामिल होती हैं। सियार गोवा के आज भी गाए जाने वाले पारंपरिक गीतों में भी शामिल हैं।

गुजरात के सुरेन्द्रनगर जिले की चरागाह भूमि पर किए गए कैमरा ट्रैप अध्ययन में पाया गया कि वहां सियार, भेड़िये और लोमड़ी पशुओं और लोगों के साथ स्थान साझा करते हैं।

सुनहरा सियार -भारतीय उपमहाद्वीप में पाए जाने वाले सियारों की एकमात्र प्रजाति है। सियार की अन्य दो प्रजातियाँ, काली पीठ वाला सियार और साइड-स्ट्राइप्ड सियार केवल अफ्रीका में पाई जाती हैं। सियारों को अक्सर लोमड़ी समझ लिया जाता है। कुछ भारतीय भाषाओं में लोमड़ी और सियार के लिए शब्द समान हैं।साल 2018 में, मैंने वाइल्ड कैनिड्स-इंडिया प्रोजेक्ट के एक सदस्य के रूप में जंगली कैनिड्स और लकड़बग्घों के वितरण के मानचित्रण में योगदान दिया। हमने सामाजिक विज्ञान डेटा और अन्य रिकॉर्ड का उपयोग किया और पाया कि सियार भारत भर में अपने संभावित आवासों में से लगभग 75त्न में पाए जाते हैं। सभी कैनिड और लकड़बग्घे के बीच सियारों का वितरण सबसे व्यापक है। इसके विपरीत, भारतीय ग्रे भेड़िया देशभर में अपने संभावित आवासों के 40त्न से भी कम में पाया गया। भेड़ियों की आबादी कम होती जा रही है। उनके आवास, जो मुख्य रूप से घास के मैदान हैं, गायब हो रहे हैं।सियार और भेड़िये अपनी शारीरिक बनावट में भी भिन्न होते हैं। लोग सियार और भेड़ियों के आकार को देखकर उन्हें पहचान सकते हैं। सियार भेड़ियों से छोटे होते हैं। सियार के बाल भूरे रंग के होते हैं, जबकि भेड़ियों के बाल स्लेटी रंग के होते हैं। इन उल्लेखनीय अंतरों के बावजूद, घरेलू कुत्तों के साथ संकरण के कारण, भेड़ियों और सियारों दोनों के शरीर के रंग असामान्य देखे जा सकते हैं। संकरण, जो सियार-कुत्ते और भेड़िया-कुत्ते संकर पैदा करता है, दोनों कैनिड्स के लिए एक खतरा है।भेड़ियों और सियारों का आहार भी कुछ हद तक अलग-अलग होता है। सियार कई तरह के छोटे जानवरों और पौधों को खाते हैं, जिनमें कृंतक, कीड़े, फल, सब्जियाँ, मछलियाँ, सरीसृप, पक्षी, खरगोश, जंगली खुर वाले जानवर और मवेशियों के शव शामिल हैं। सियार अपने आवास के हिसाब से खुद को ढ़ाल लेते हैं। जैसे कि मुंबई के मैंग्रोव में रहने वाले सियार मछली और केकड़े भी खाते हैं। कुछ कस्बों और शहरों में, कूड़ा डालने वाली जगहों पर सियारों को देखा जा सकता है।

भेड़ियों और सियारों का आहार भी कुछ हद तक अलग-अलग होता है। सियार कई तरह के छोटे जानवरों और पौधों को खाते हैं, जिनमें कृंतक, कीड़े, फल, सब्जियाँ, मछलियाँ, सरीसृप, पक्षी, खरगोश, जंगली खुर वाले जानवर और मवेशियों के शव शामिल हैं।

भेड़ और बकरियाँ भेड़ियों के लिए महत्वपूर्ण खाद्य स्रोत हैं। ऐतिहासिक समय से ही भेड़ियों और चरवाहों के समुदायों ने एक दूसरे के साथ संबंध साझा किए हैं। दक्कन या डेक्कन क्षेत्र में भेड़ियों और चरवाहों के सह-अस्तित्व के बारे में एक निबंध में, नित्या घोटगे और सागरी रामदास लिखते हैं, जहाँ भेड़िये हैं, वहाँ भेड़ें भी होंगी। वास्तव में, भेड़ें भेड़ियों के लिए एक प्रमुख शिकार प्रजाति हैं। 'काली भेड़ और स्लेटी भेड़िये' शीर्षक वाले अपने लेख में, नित्या और सागरी घुमंतू चरवाहों और भेड़ियों के बारे में उनकी मान्यताओं के बारे में बात करते हैं। वे चरवाहों, भेड़ों और वन्यजीवों को प्रभावित करने वाली विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा करते हैं।

# साख बचाने के लिए एकनाथ शिंदे ने लिया वक्त, अब शिवसेना को बचाने की है बड़ी चुनौती

(संतोष पाठक)

एकनाथ शिंदे को इस बात का भी अहसास बखूबी हो गया था कि अगर यह बात महाराष्ट्र की जनता और शिवसैनिकों के मन में घर कर गई तो उनकी पार्टी टूट भी सकती है। विधानसभा चुनाव में बुरी तरह से हारने के बाद उद्धव ठाकरे इसी तरह के मौके की तलाश में है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लाडले और नागपुर से ही आने वाले देवेंद्र फडणवीस तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश और असम के मुख्यमंत्री सहित एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेकर फडणवीस ने इस तथ्य को अब पूरी तरह से स्थापित कर दिया है कि भाजपा राज्य में बड़े भाई की भूमिका में ही रहेगी।

मशहूर उद्योगपत्तियों और शाहरुख खान, सलमान खान और संजय दत्त सहित अनगिनत फिल्मों सितारों की मौजूदगी में शानदार और भव्य अंदाज में शपथ लेकर देवेंद्र फडणवीस ने यह संदेश भी दे दिया कि देश का ताकतवर तबका उनके साथ है और वह भविष्य में बड़ी भूमिका निभाने को तैयार है।

लेकिन इस सबके बीच शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के रूठने-मनाने के खेल को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे है। अब यह पूछा जा रहा है कि क्या वाकई एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने



से इतने नाराज हो गए थे कि बैठक छोड़कर अपने गांव चले गए ? महाराष्ट्र विधानसभा के नंबर और भाजपा के सीटों की संख्या पता होने के बावजूद क्या वाकई शिंदे यह मान कर चल रहे थे कि भाजपा पिछली बार की तरह इस बार भी उन्हें मुख्यमंत्री बना देगी ? या इसके पीछे कहानी कुछ और ही है ?

दरअसल, नाराजगी का यह प्रदर्शन करना एकनाथ शिंदे की चाहत और इच्छा से कहीं ज्यादा उनकी मजबूरी बन गई थी। दरअसल, शिवसेना को तोड़ कर भाजपा के साथ आते समय एकनाथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर इसी तरह के आरोप लगाए थे कि वह दिल्ली दरबार के आगे झुक गए हैं और बालासाहेब ठाकरे की विरासत का अपमान कर रहे हैं। लेकिन इस बार वही स्थिति शिंदे साहब की खुद की बन गई थी। महाराष्ट्र की जनता में और खासकर शिवसैनिकों में यह संदेश जा रहा था कि एकनाथ शिंदे भी दिल्ली दरबार के आगे झुक गए हैं, बालासाहेब ठाकरे की विरासत का अपमान कर रहे हैं और उद्धव ठाकरे की तरह ही अपने बेटे को आगे कर परिवारवाद की राजनीति कर रहे हैं।

एकनाथ शिंदे को इस बात का भी अहसास बखूबी हो गया था कि अगर यह बात महाराष्ट्र की जनता और शिवसैनिकों के मन में घर कर गई तो उनकी पार्टी टूट भी सकती है। विधानसभा चुनाव में बुरी तरह से हारने के बाद उद्धव ठाकरे इसी तरह के मौके की तलाश में है।

शिवसेना को बचाने और अपने साख की रक्षा करने के लिए एकनाथ शिंदे ने नाराजगी वाले भारतीय राजनीति के उसी पुराने दांव को एक बार फिर से खेल दिया। इससे जनता में यह संदेश भी चला गया कि एकनाथ शिंदे ने बहादुरी के साथ दिल्ली दरबार से लड़ाई की, दिलेरी के साथ अमित शाह के सामने अपनी शर्तें रखी लेकिन शिवसैनिकों के मनाने के बाद महाराष्ट्र की जनता के हित मे बड़ा त्याग करते हुए मुख्यमंत्री की बजाय उपमुख्यमंत्री बनना स्वीकार कर लिया।

हालांकि फडणवीस सरकार में उपमुख्यमंत्री बनने के बाद भी एकनाथ शिंदे के सामने शिवसेना को बचाने की चुनौती बनी ही रहेगी। उद्धव ठाकरे या उनके बेटे आदित्य ठाकरे अगर मैदान में उतर कर आक्रामक राजनीति करने लगते हैं तो फिर उस स्थिति में एकनाथ शिंदे, उनके बेटे श्रीकांत शिंदे और शिवसेना के बड़े नेताओं को भी सामने आकर खुल कर बयानबाजी करनी ही होगी। हालांकि संख्या बल के कारण महायुति गठबंधन सरकार की स्थिरता पर इन बयानबाजियों की वजह से कोई फर्क तो नहीं पड़ेगा लेकिन हर बार एकनाथ शिंदे की इज्जत बचाने के लिए देवेंद्र फडणवीस को उनके घर जाना पड़ सकता है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं।)

## वर्ग पहेली 5576

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | ■ | 9 | |
| 10 | 11 | | ■ | 12 | 13 | | ■ |
| 14 | | ■ | ■ | 15 | | | 16 |
| 17 | | | ■ | | ■ | 18 | |
| ■ | | ■ | 19 | ■ | 20 | ■ | |
| 21 | | | | ■ | 22 | 23 | |
| | ■ | ■ | 24 | | | | ■ |

संकेत: बाएं से दाएं

1. 17 जुलाई 1919 का इस देश संविधान अंगीकार किया गया (4)
4. यह कीड़ों द्वारा बनाया गया एकलौता ऐसा पदार्थ है जिसे इंसानों द्वारा खाया जाता है (3)
7. ऊनी कालीन या मोटे गद्दे को यह भी कहते है (3)
9. हमला या आक्रमण करने की क्रिया, सप्ताह का दिन (2)
10. प्रस्थिति, प्रेषिति, गमन (3)
12. प्रकार, जेवर, आभूषण (3)
14. शरीर रोम, पशु रोम (2)
15. पुराणानुसार अमृत मंथन के समय निकला प्रचंड विष (4)
17. दयावान, कृपालु, हमदिल (3)
18. केशलता, बालों का वह गुच्छा जो गाल प लटके (2)
21. शासक मंडल, हुक्मरान, शासक वर्ग (4)
22. पृथ्वी के भूपटल पर निचले और समतल क्षेत्र यह कहलाते है (3)
24. शैन, शनै आगे प्रेषित करना, अपनी जगह से हिलाना (4)

ऊपर से नीचे

1. उत्तरप्रदेश का यह स्थान कांच के उद्योग के कारण प्रसिद्ध है (5)
2. जननेन्द्रीय, लिंगीय (3)
3. कश्मीर की एक प्रसिद्ध झील (2)
5. विविध भारती से नाटकों पर आधारित प्रसारित होने वाला एक दैनिक कार्यक्रम (5)
6. भाव, मूल्य, निर्ख (2)
8. आलेप, प्रलेप, लोशन (4)
11. वृत्ताकार, गोलाई लिए हुए (5)
13. पुराणानुसार विभीषण की बड़ी बेटी का नाम (2)
16. पैंडेट, प्रालंब (4)
19. एक प्रकार का मादक पदार्थ (3)
20. वेस्टइंडीज के ग्रेटर एंटीलीज समूह का द्वीप जिसकी राजधानी किंगस्टन है (3)
21. कठोर व्यवहार, निर्दयता (2)
23. आखेटचारा, चबैना, कण (2)

### वर्ग पहेली 5575 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| इ | ज | रा | इ | ल | ■ | रू | स |
| ब | ल | वी | र | ■ | ज | ना | ब |
| ति | वा | ■ | ला | ल | ■ | तै | ब |
| दा | न | व | ■ | ह | म | ला | ■ |
| ई | ■ | ह | स | र | त | ■ | ■ |
| ■ | रा | शि | ■ | दा | ल | रो | टी |
| मृ | ग | या | ■ | र | ब | ■ | त |
| ग | ■ | ना | ते | ■ | ■ | दौ | र |

# पूर्वोत्तर भारत में तस्करों के निशाने पर ऊदबिलाव

(नवारुन गुहा)

असम के धेमाजी जिले में, मई के महीने में ऊदबिलाव की चार खालें जब्त की गईं। इससे पता चलता है कि पूर्वोत्तर में ऊदबिलाव, खासतौर पर उनके फर का व्यापार बड़े पैमाने पर हो रहा है।

हालांकि संरक्षित क्षेत्रों में ऊदबिलाव आमतौर पर सुरक्षित हैं, लेकिन संरक्षित क्षेत्रों के बाहर की आबादी पर अवैध व्यापार का साया मंडराता रहा है। दुनिया भर में पाई जाने वाली 13 ऊदबिलाव प्रजातियों में से तीन भारत में पाई जाती हैं- यूरेशियन ऑटर, स्मूद-कोटेड ऑटर और स्मॉल क्लॉड ऑटर। इस साल 23 मई को, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो )डब्ल्यूसीसीबी) के अधिकारियों और धेमाजी वन विभाग ने असम के धेमाजी जिले के जोनाई में एक व्यक्ति से ऊदबिलाव की चार खालें जब्त की थीं। हालांकि ऊदबिलाव के अंगों की जब्ती बहुत आम नहीं है, लेकिन इस हालिया घटना ने इस तथ्य को उजागर किया है कि पूर्वोत्तर भारत में ऊदबिलाव की खाल और शरीर के अन्य अंगों के लिए तस्करी और अवैध शिकार हो रहा है।

ऑटर यानी ऊदबिलाव मांसाहारी स्तनधारी हैं जो नेवले, सियार, मिंक आदि मस्टेलिडे परिवार से संबंधित हैं। ये देशभर की नदी पारिस्थितिकी प्रणालियों में पाए जाने वाले बड़े शिकारियों में से एक हैं। दुनिया में पाई जाने वाली 13 ऊदबिलाव प्रजातियों में से तीन भारत में पाई जाती हैं । यूरेशियन ऑटर, स्मूद-कोटेड (चिकनी खाल वाले) ऑटर और स्मॉस क्लॉड (छोटे पंजों वाले) ऑटर।

असम में मारे गए छापे के बारे में बात करते हुए, धेमाजी वन विभाग के वन अधिकारी दिबाकर महंत ने मोंगाबे इंडिया को बताया, हमें अरुणाचल प्रदेश के पूर्वी सियांग जिले के एक व्यक्ति के बारे में सूचना मिली थी, जो कुछ ऊदबिलाव की खालें लेकर जा रहा था। उसी सूचना के आधार पर, हमने उसे धेमाजी के एक उपखंड, जोनई के नेपालीबस्ती इलाके से पकड़ लिया। उसने कहा कि वह सिर्फ एक वाहक है और उसका काम इन खालों को गोगामुख में किसी दूसरे व्यक्ति तक पहुंचाना था। उसे आगे के रास्ते के बारे में पता नहीं था।

अधिकारियों के मुताबिक, उन्हें लगता है कि जब्त की गई खालें कम से कम एक साल पुरानी हैं। छापे में शामिल डब्लूसीसीबी के एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर मोंगाबे इंडिया से कहा, खाल की जांच करते समय, हमें एहसास हुआ कि यह एक साल पुरानी हैं। ये ताजा शिकार नहीं थे। त्वचा की बनावट बहुत सख्त लग रही थी। त्वचा की सही उम्र का पता लगाने के लिए फोरेंसिक जांच की जरूरत है।

अधिकारी ने यह भी कहा कि ऊदबिलाव को जाल या भाले जैसे हथियारों का इस्तेमाल करके मारा जाता है। उन्होंने कहा, आमतौर पर ऊदबिलाव को मारने के लिए बंदूक का इस्तेमाल नहीं किया जाता है क्योंकि गोली लगने से उनकी स्किन खराब हो जाएगी और उन्हें इसकी कम मिलेगी। तस्करों के बीच ऊदबिलाव की स्किन की भारी मांग है। अधिकारी के मुताबिक, फैशन उद्योग में ऊदबिलाव की खाल की काफी मांग है, वहीं इसके बालों का इस्तेमाल पेंट ब्रश बनाने में भी किया जाता है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज करियर के लिहाज से बहुत अच्छा है। आपको लाभ होगा और सम्मान भी मिलेगा। अगर आप लोन लेने की सोच रहे हैं तो आज का दिन अच्छा है। पुराने दोस्तों से मदद मिलेगी और नए दोस्त भी बनेंगे। जीवनसाथी के परिवार से भी सम्मान मिलेगा। शाम का समय आनंददायक और लाभदायक रहेगा और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं।

### वृष

आज दिन लाभदायक है, लेकिन व्यस्त भी रहेगा। भागदौड़ ज्यादा होगी। आपके निर्णय लेने की क्षमता से आपको फायदा होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे और अच्छा लाभ मिलेगा। निवेश के लिए भी दिन अच्छा है। भविष्य में इससे अच्छा फायदा होगा।

### मिथुन

आज फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। सेहत से जुड़ी परेशानी बढ़ सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में कुछ बाधाएं आ सकती हैं। अचानक से कुछ लाभ भी हो सकता है, जिससे खुशी बढ़ेगी। बच्चों से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी।

### कर्क

आज दिन भाग्यशाली है। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। बच्चों की सफलता से खुशी होगी। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। नाना-नानी के परिवार से अच्छी खबर मिल सकती है। अपनी शान-शौकत पर खर्च करेंगे, जिससे आपके दुश्मन परेशान होंगे।

### सिंह

आज करियर के मामले में दिन अच्छा है। हर मामले में लाभ होगा। किसी की बातों में आने से बचें और अपने काम पर ध्यान दें। दोपहर के बाद सफलता मिलेगी। ससुराल पक्ष से कुछ नाराजगी हो सकती है, इसलिए मीठा बोलें। आपको ऑफिस के लोगों से किसी प्रकार के विवाद में पड़ने से बचना चाहिए।

### कन्या

आज दिन शुभ है। साहस से काम करने से अच्छा लगेगा। आपको हर कार्य में माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी की सेहत बिगड़ सकती है, जिससे परेशानी होगी। फिजूलखर्ची भी हो सकती है। आप लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोग आपकी बातों को गलत समझेंगे।

### तुला

आज दिन शुभ है। अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करेंगे और बुजुर्गों की सेवा भी करेंगे। अपने गुरु के प्रति निष्ठा रखेंगे, जिससे लाभ होगा। नए काम में निवेश करना शुभ रहेगा। आपको अगर किसी कंपनी के शेयर खरीदने हैं तो ऐसा करने के लिए भी दिन शुभ है।

### वृश्चिक

आज करियर में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। व्यापार बढ़ाने के प्रयास सफल नहीं हो पाएंगे। लेकिन धैर्य और प्रतिभा से दुश्मनों पर विजय प्राप्त करेंगे। कोई पुराना विवाद चल रहा है तो उसमें जीत मिलेगी। धन में वृद्धि होगी। आपको कारोबार में कहीं से बकाया पेमेंट मिलने से खुशी होगी।

### धनु

आज करियर में लाभ होगा। विद्या और ज्ञान में वृद्धि होगी। दान-पुण्य करने का मन करेगा। धार्मिक कार्यों में लाभ होगा और लोग मदद करेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। शाम के बाद कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

### मकर

आज कुछ अनचाहे खर्चे भी आपको करने पड़ सकते हैं। ससुराल पक्ष से मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय में मन लगेगा और आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। नए काम में निवेश करने से आपको लाभ होगा और आपकी तरक्की होगी।

### कुंभ

आज दिन अच्छा है। सोच-समझकर नए काम करेंगे। जरूरत के हिसाब से ही खर्च करें। परिवार वाले नुकसान पहुंचा सकते हैं। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी और नौकर-चाकरों से सुख मिलेगा। शाम से रात तक मन प्रसन्न रहेगा। यात्रा भी हो सकती है, जो लाभदायक रहेगी। आपको कहीं निवेश करना है तो कर सकते हैं।

### मीन

आज किसी विवाद का हल निकलेगा। मिलनसार स्वभाव से फायदा होगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा, जिससे मनोबल बढ़ेगा। रात में परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बीतेगा। घर में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। कोई आपके घर में मिलने आ सकता है। आपको लाभ के साथ तरक्की हासिल होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर में हिंसा भड़काने की कोशिश नाकाम, इंफाल में अपहरण की कोशिश में उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर को फिर से सुलगाने की एक कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया है। दरअसल मणिपुर पुलिस ने इंफाल के थंगल बाजार इलाके में अपहरण की कोशिश नाकाम कर दी और दो लोगों को बचा लिया। इस मामले में पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनगांबा) से जुड़े उग्रवादी तेनसुबाम बंगकिम को अपहरण के इस मामले में इंफाल पश्चिम जिले से गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मणिपुर के एक शरणार्थी कैंप से तीन महिलाओं और बच्चों का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद मणिपुर में बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क गई थी। अब एक बार फिर उग्रवादियों की मंशा राज्य में हिंसा भड़काने की थी, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से अपहरण की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। हालांकि पुलिस ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। गिरफ्तार उग्रवादी के पास से 9 एमएम पिस्तौल, सात कारतूस और एक चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया। इस बीच, सुरक्षा बलों ने शनिवार को कांगपोकपी जिले के एल जंगनोमफाई इलाके में तलाशी अभियान चलाया और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया, जिसमें एक स्नाइपर राइफल, तीन पिस्तौल, एक .303 बोल्ट एक्शन राइफल, पांच हथगोले, पांच स्टारडाइन 90 विस्फोटक, चार इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, कारतूस, पांच दंगा-रोधी गोले और एक रेडियो सेट शामिल हैं। इसके अलावा, उखरुल जिले के खमासोन रेंज में अवैध अफीम की खेती के आरोप में भी चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बयान में कहा है कि करीब 30 एकड़ में अफीम की खेती का पता चला है, गिरफ्तार लोगों के कब्जे से एक एयर गन और दो चाकू भी जब्त किए गए हैं।

### ठाणे जिले में एक महिला पर व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

**ठाणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 24 वर्षीय व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि मृतक के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने सितंबर में हुई उनके बेटे की मौत के संबंध में भारतीय न्याय संहिता की धारा108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पीड़ित कुणाल कृष्ण वर्ता ने 12 सितंबर को भिवंडी शहर में अपने घर में फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि महिला शादीशुदा है और उसने सोशल मीडिया पर उनके बेटे से दोस्ती की और उससे नजदीकियां बढ़ाई। अधिकारी ने कहा कि महिला के प्यार के झूठे वादे के कारण ही उसने आत्महत्या की। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और इस संबंध में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### सेना प्रमुख ने उत्तरी कमान की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की

**उधमपुर , एजेंसी।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने शनिवार को उधमपुर में स्थित उत्तरी कमान की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों के पेशेवर कामकाज और परिचालन में तालमेल कायम करने के प्रति कमान द्वारा की गई पहलों की सराहना की। भारतीय सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि थल सेनाध्यक्ष (सीओएएस) ने संयुक्त क्षमता को और बढ़ाने के उद्देश्य से हुई बैठक की अध्यक्षता भी की। थलसेना, वायु सेना, नौसेना और आईटीबीपी के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में शामिल हुए। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि उधमपुर स्थित कमान मुख्यालय का दौरा करने के बाद जनरल द्विवेदी ने लद्दाख रवाना हो गए।

### पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों को सिम कार्ड बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि उसने अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी करने वालों को सिम कार्ड बेचने के आरोप में बिहार से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने अनुज कुमार के कब्जे से 5,000 सिम कार्ड और 25 मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस ने बताया कि कुमार को बिहार के गया से चीन, कंबोडिया और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में लोगों को सिम कार्ड की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) रवि कुमार सिंह ने बताया कि एक कंपनी के सीए ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक व्यक्ति ने खुद को कंपनी का निदेशक बताकर उससे 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। मोबाइल नंबरों और तकनीकी निगरानी के विस्तृत विश्लेषण के माध्यम से अनुज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा कि पूछताछ के दौरान पता चला कि अनुज इस नेटवर्क का षडयंत्रकर्ता है।

# 27 साल पुराने हिरासत में यातना मामले में पूर्व आईपीएस संजीव भट्ट को राहत, अदालत ने बरी किया

**पोरबंदर, एजेंसी।** गुजरात के पोरबंदर की एक अदालत ने 1997 के हिरासत में यातना मामले में पूर्व आईपीएस अधिकारी संजीव भट्ट को बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे मामले को साबित नहीं कर सका। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश पंड्या ने शनिवार को पोरबंदर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) भट्ट को साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देते हुए आईपीसी की धाराओं के तहत दर्ज मामले में बरी कर दिया। यह धारा कबूलनामा प्राप्त करने के लिए गंभीर चोट पहुंचाने और अन्य प्रावधानों से संबंधित है।

**फिलहाल राजकोट सेंट्रल जेल में बंद हैं संजीव भट्ट :** संजीव भट्ट को इससे पहले जामनगर में 1990 के हिरासत में मौत के मामले में आजीवन कारावास और पालनपुर में राजस्थान के एक वकील को फंसाने के लिए ड्रग्स रखने से संबंधित 1996 के मामले में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। वह वर्तमान में राजकोट सेंट्रल जेल में बंद है।

अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष उचित संदेह से परे मामले को साबित नहीं कर सका कि शिकायतकर्ता को अपराध कबूल करने के लिए मजबूर किया गया था और खतरनाक हथियारों और धमकियों का उपयोग करके स्वेच्छा से दर्द देकर आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया गया था। अदालत ने यह भी नोट किया कि



आरोपी पर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक मंजूरी, जो उस समय अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहा एक लोक सेवक था, मामले में प्राप्त नहीं की गई थी।

**पुलिस हिरासत में शारीरिक और मानसिक यातना देने का आरोप :** संजीव भट्ट और कांस्टेबल वजुभाई चौ, जिनके खिलाफ उनकी मृत्यु के बाद मामला खत्म कर दिया गया था, पर भारतीय दंड संहिता की धारा 330 (स्वीकारोक्ति के लिए चोट पहुंचाना) और 324 (खतरनाक हथियारों से चोट पहुंचाना) के तहत आरोप लगाए गए थे, जो नारन जादव की शिकायत पर आतंकवादी और विघटनकारी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (टाडा) और शस्त्र अधिनियम के मामले में पुलिस हिरासत में कबूलनामा लेने के लिए उसे शारीरिक और मानसिक यातना देने के लिए था।

**नारन जादव को दी गई थी शारीरिक यातना :** 6 जुलाई, 1997 को मजिस्ट्रेट कोर्ट के समक्ष नारन जादव की शिकायत पर कोर्ट के निर्देश के बाद 15 अप्रैल, 2013 को पोरबंदर शहर के बी-डिवीजन पुलिस स्टेशन में भट्ट और चौ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। 1994 के हथियार बरामदगी मामले में नारन जादव 22 आरोपियों में से एक था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पोरबंदर पुलिस की एक टीम 5 जुलाई, 1997 को अहमदाबाद की साबरमती सेंट्रल जेल से ट्रांसफर वारंट पर नारन जादव को पोरबंदर में संजीव भट्ट के घर ले गई थी। नारन जादव को उसके गुप्तांगों समेत शरीर के कई हिस्सों पर बिजली के झटके दिए गए। उसके बेटे को भी बिजली के झटके दिए गए। बाद में शिकायतकर्ता ने न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत को यातना के बारे में बताया, जिसके बाद जांच के आदेश दिए गए। साक्ष्य के आधार पर, अदालत ने 31 दिसंबर, 1998 को मामला दर्ज किया और संजीव भट्ट और वजुभाई चौ को समन जारी किया। 15 अप्रैल, 2013 को अदालत ने संजीव भट्ट और वजुभाई चौ के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। भट्ट 1990 के जामनगर हिरासत में हुई मौत के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

**कुछ अन्य मामले में भी दोषी हैं संजीव भट्ट :** मार्च 2024 में, पूर्व आईपीएस अधिकारी को राजस्थान के एक वकील को फंसाने के लिए ड्रग्स रखने से संबंधित 1996 के एक मामले में बनासकांठा जिले के पालनपुर की एक अदालत ने 20 साल कैद की सजा सुनाई थी। वह कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ और गुजरात के पूर्व पुलिस महानिदेशक आर बी श्रीकुमार के साथ 2002 के गुजरात दंगों के मामलों के संबंध में कथित तौर पर सबूत गढ़ने के एक मामले में भी आरोपी हैं। संजीव भट्ट, जिन्हें गुजरात सरकार ने अनधिकृत अनुपस्थिति के कारण पुलिस सेवा से हटा दिया था, ने गुजरात उच्च न्यायालय के 9 जनवरी, 2024 के आदेश को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया, जिसमें उनकी अपील खारिज कर दी गई थी। उच्च न्यायालय ने 20 जून, 2019 को जामनगर में सत्र न्यायालय द्वारा हत्या के लिए आईपीसी की धारा 302 (हत्या), 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत भट्ट और सह-आरोपी प्रवीणसिंह जाला की दोषसिद्धि को बरकरार रखा था। संजीव भट्ट ने तत्कालीन अतिरिक्त एसपी के रूप में, 30 अक्तूबर, 1990 को जामजोधपुर शहर में सांप्रदायिक दंगे के बाद लगभग 150 लोगों को हिरासत में लिया था, जो अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा को रोकने के खिलाफ बंद के आह्वान के बाद हुआ था। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक, प्रभुदास वैष्णानी की रिहाई के बाद अस्पताल में मृत्यु हो गई।

## मस्जिदों का सर्वे कराना गलत, धर्म को लेकर न हो राजनीति : रॉबर्ट वाड्रा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा ने मस्जिदों के सर्वे को लेकर शनिवार को बड़ा बयान दिया। उन्होंने शनिवार को कहा कि जब लोग महंगाई की मार झेल रहे हों और किसानों का विरोध प्रदर्शन चल रहा हो, ऐसे समय में मस्जिदों की खुदाई का राजनीति का केंद्र बन जाना गलत है। वाड्रा ने कहा कि इससे सांप्रदायिक मुद्दों के बढ़ने की आशंका है। इसलिए मस्जिदों का सर्वे करना गलत है। न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत में उन्होंने कहा, धर्म और राजनीति को अलग रखा जाना चाहिए। भारत विविधतापूर्ण और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि वह इन दिनों आध्यात्मिक यात्राएं कर रहे हैं। इसके तहत देश के विभिन्न पूजा स्थलों का दौरा किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होंने शनिवार को मुंबई के प्रसिद्ध हाजी अली दरगाह पर चादर चढ़ाई। वाड्रा ने कहा, मैंने अपने परिवार और देश की भलाई के लिए प्रार्थना की। मैं यह कामना करता हूं कि समाज में भाईचारा बना रहे। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति ने यह दोहराया कि मस्जिदों का सर्वे करना गलत है। ऐसा करने से विकास की बजाय सांप्रदायिक मुद्दे उठेंगे, जिससे अशांति पैदा होगी। वाड्रा ने कहा, हमारे देश में काफी विविधता है। हमें धर्मनिरपेक्ष रहने का प्रयास करना चाहिए। धर्म को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह शांति और सद्भाव को बढ़ावा देना चाहते हैं। ईवीएम पर भरोसा संदिग्ध हो गया इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम ) पर उठते सवालों को लेकर भी रॉबर्ट वाड्रा की राय जानी गई। इस पर उन्होंने कहा, ईवीएम पर भरोसा संदिग्ध हो गया है। हरियाणा और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के जो नतीजे आए उससे हर कोई हैरान रह गया। अगर लोग भाजपा सरकार से परेशान थे, तो वे चुनाव कैसे जीत गए? वाड्रा ने सवाल पूछते हुए कहा कि अगर हरियाणा में लोग भाजपा सरकार से खुश हैं तो किसान विरोध प्रदर्शन क्यों करने लगे हैं।

## भारत में 'डिलीवरी एजेंट' के रूप में काम कर रहे बांग्लादेशी नागरिक, रोहिंग्या : सिंह

**हैदराबाद, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को दावा किया कि बांग्लादेशी नागरिक और रोहिंग्यासमुदाय के लोग खाद्य वितरण कंपनियों और ऑनलाइन शॉपिंग मंचों के लिए प्रतिनिधियों (डिलीवरी एजेंट) के रूप में काम कर रहे हैं और कहा कि उनकी



पहचान की जानी चाहिए। सिंह ने ये टिप्पणियां हैदराबाद में कीं, जहां वह निफ्ट-हैदराबाद के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम से इतर 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''जोमैटो, स्विगी या फिर फ्लिपकार्ट जैसे सेवा क्षेत्रों में सामान का वितरण करने वाले लड़के बांग्लादेशी और रोहिंग्या हैं। उनकी पहचान करने और उन्हें पुलिस को सौंपने के प्रयास किए जाने चाहिए।'' केंद्रीय मंत्री ने संभल और बांग्लादेश के बीच तुलना करने वाली योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी का भी समर्थन करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कुछ भी गलत नहीं कहा।

## 10 साल पहले घर से निकला था मोहम्मद खलील, अभिनव सिंह बनकर लौटा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** 22 साल के मोहम्मद खलील घोरी की जिंदगी संघर्ष, पहचान और पुनर्निर्माण की अनोखी कहानी है। पिछले 10 सालों में खलील ने तीन अलग-अलग पहचानों के साथ जीवन जीया है। खलील, अल्ताफ और अभिनव सिंह जैसे नाम उन्होंने अपनाया। तीनों नाम उसकी परिस्थितियों के हिसाब से मिली है। यह सफर उसके बचपन से ही शुरू हुआ, जब वह 2014 में 12 साल की उम्र में अचानक गायब हो गया। खलील का गायब होना एक सामान्य दिन से शुरू हुआ। उसकी मां सारा ने बताया, समग्र कुटुंब सर्वे से एक दिन पहले हमने खलील को कागजात की फोटोकॉपी कराने भेजा। उसने कागजात वापस भिजवा दिए और कहा कि वह थोड़ी देर में लौटेगा। लेकिन वह फिर कभी वापस नहीं आया। अगले 10 सालों तक सारा ने अपने बेटे की तलाश में दिन-रात एक कर दिया।

**नई पहचान और नया जीवन :** खलील की यादें उस दिन से धुंधली हैं, लेकिन उन्हें दिल्ली जाते वक्त एक व्यक्ति का चेहरा याद है जिसने उन्हें अल्ताफ नाम दिया। उसने कहा, मुझे बताया गया कि मेरा कोई परिवार नहीं है। मैं इसे सच मानकर जीने लगा। गाजियाबाद के एक शेल्टर होम में उन्सने अल्ताफ के नाम से तीन साल बिताए। बाद में उसे कानपुर के एक हिंदू परिवार ने गोद लिया, जिसने उसे अभिनव सिंह नाम दिया।

नए घर में अभिनव के तौर पर खलील ने पढ़ाई में ध्यान लगाया और अपनी गोद ली हुई बहन का सहारा बने। उसने कबा, वह जब तनाव में होती थी तो मैं उसे हंसाने के लिए शरारत करता था। मैं अपनी बहन को बहुत मिस



करूंगा।

**कैसे हुई घर वासपी :** खलील की असली पहचान तब सामने आई जब उसके गोद लिए हुए माता-पिता ने उसके लिए आधार कार्ड बनवाने की कोशिश की। उसकी बायोमेट्रिक जानकारी से हैदराबाद पुलिस को उसके असली परिवार का पता चला। यहीं से उसकी घर वापसी का सिलसिला शुरू हुआ। 1 दिसंबर को 10 साल बाद खलील ने अपनी मां और भाई से मुलाकात की। उसने कहा, मुझे दो लोगों से मिलवाया गया और बताया गया कि वे मेरी असली मां और भाई हैं। मैं उन्हें पहचान नहीं पाया, लेकिन उनके पास सारे सबूत थे। मेरी बचपन की तस्वीरें, स्कूल के रिकॉर्ड और मेरा असली आधार कार्ड।

**आगे की चुनौती :** अब खलील को अपनी पहचान और दस्तावेजों के बीच जूझना पड़ रहा है। उसकी शिक्षा के रिकॉर्ड उसे अभिनव सिंह बताते हैं, जबकि उसकी असली पहचान मोहम्मद खलील के रूप में दर्ज है। उसके भाई अकील ने कहा, हम नहीं जानते कि अब क्या करें। उन्हें फिर से कक्षा 10 में दाखिला लेना पड़ सकता है। इसके अलावा कानपुर के रिकॉर्ड उसकी उम्र 16 वर्ष बताते हैं, जबकि उनकी असली उम्र 22 साल है। खलील के लिए आगे का रास्ता आसान नहीं है। उसे अपनी खोई पहचान, शिक्षा और परिवार के साथ सामंजस्य बिठाना है। लेकिन सारा ने अपने बेटे की वापसी पर कहा, मैं खुश हूं कि वह आखिरकार वापस आ गया है।

## दीपक बाबरिया ने ली हरियाणा में हार की जिम्मेदारी, बोले- 10 से 15 सीटों पर गलत टिकट दिए

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार को लेकर अभी तक कांग्रेस में कलह छिड़ा हुआ है। नई दिल्ली में शनिवार को कांग्रेस नेताओं की समीक्षा बैठक हुई। इसमें लंबे समय बाद के बाद हरियाणा प्रभारी दीपक बाबरिया भी शामिल हुए। बाबरिया ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि अगर सब लोग यह मानते हैं कि कांग्रेस की हार में मेरा दोष है तो मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं, लेकिन असली बात यह है कि 10 से 15 विधानसभा सीटों पर टिकटों का वितरण सही ढंग से नहीं किया गया था। दीपक बाबरिया ने कहा कि मेरे पास जब कई सीटों पर धांधली होने संबंधी संदेश आया तो मैंने उसे तुरंत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के पास फॉरवर्ड कर दिया था। पार्टी अध्यक्ष ने उसे क्यों गंभीरता से नहीं लिया। बाबरिया ने कहा कि अभी मैं पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हूं। बहुत जरूरी बैठकों में ही हिस्सा ले सकूंगा। चुनावी नतीजों के बाद हुई इस पहली बैठक में दीपक बाबरिया शामिल हुए थे। विधानसभा चुनाव में प्रचार से भी उन्होंने दूरी बना ली थी। बाबरिया पर टिकट आवंटन सही नहीं करने और एक ग्रुप विशेष की सुनवाई करने के





आरोप भी लगे थे। बाद में बाबरिया ने खुद को बीमार बताते हुए चुनाव प्रचार से किनारा कर लिया था। नतीजों के बाद अपने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उन्होंने प्रभारी पद से इस्तीफा देने की पेशकश भी कर दी थी, लेकिन पार्टी ने उनका इस्तीफा अभी तक स्वीकार नहीं किया है।

**उदयभान बाबरिया को ठहराते रहे जिम्मेदार :** हरियाणा कांग्रेस प्रधान चौधरी उदयभान अभी तक दीपक बाबरिया की कार्य प्रणाली पर सवाल उठा रहे थे। उदयभान ने आरोप लगाया कि दीपक बाबरिया की वजह से हरियाणा में कांग्रेस का संगठन नहीं बन पाया, क्योंकि वह उनके द्वारा भेजी गई सूचियों को अपने पास दबाकर बैठे रहे और उन्हें हाईकमान के पास मंजूरी के लिए नहीं भेजा। दीपक बाबरिया को पहले से यह सूचना थी कि 12 से अधिक सीटों पर कांग्रेस हार रही है। उन्हें यह संदेश आ गया था लेकिन बाबरिया ने यह संदेश छिपाकर रखा और पार्टी को इसकी सूचना नहीं दी।

## युवा हिंदी के राजदूत बनें, और दुनिया भर में इसकी महानता का प्रचार करें : सर्बानंद सोनोवाल

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु दौरे पर पहुंचे केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शनिवार को हिंदी में स्नातक करने वाले युवाओं से हिंदी भाषा के राजदूत बनने और दुनिया भर में इसकी महानता का प्रचार करने की अपील की। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा के 83वें दीक्षांत समारोह में सोनोवाल ने कहा कि हिंदी में एक महान शक्ति है। इसने दुनिया भर के लोगों के दिलों पर कब्जा कर लिया है। इस दौरान उन्होंने छात्रों को डिग्री प्रदान की।

**ऐसे हुआ सभी भारतीय भाषाओं का जन्म :** उन्होंने कहा, इस भाषा में मानवता है। सभी भारतीय भाषाओं का जन्म भारत माता के चरणों से हुआ है। वे सब एक हैं, हमें दुनिया को यह संदेश देना चाहिए कि ये भाषा देशभक्ति और मानवता की प्रतीक है। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, हिंदी की सुंदरता और महानता का प्रसार करें। इसे एक सार्वभौमिक भाषा बनाएं।

**इस भाषा से एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लोकाचार का भी प्रदर्शन :** हिंदी एकता की भाषा है और इसका इस्तेमाल सभी भारतीयों को एक सूत्र में बांधता है। यह एक भारत, श्रेष्ठ भारत के लोकाचार का भी प्रदर्शन है जहां हम अपनी एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए विविधता को अपनाते हैं।



**लगभग 8,000 छात्रों को मिली उपाधियां :** सोनोवाल ने छात्रों को राष्ट्र-निर्माण गतिविधियों में उनकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, 1918 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ओर से स्थापित इस संस्थान में उपस्थित होना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है। समारोह में प्रवीण और विशारद परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले लगभग 8,000 छात्रों ने अपनी डिग्री प्राप्त कीं। परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले चेन्नई के छात्रों और रैंक हासिल करने वाले स्नातकोत्तर छात्रों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

# मायावती भाजपा के एजेंट के रूप में कर रही काम : अजय राय

**लखनऊ, एजेंसी।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को बसपा प्रमुख मायावती पर भाजपा के एजेंट के रूप में काम करने का आरोप लगाया। अजय राय ने कहा कि मायावती भाजपा के एजेंट के रूप में काम कर रही हैं। उन्होंने भाजपा का प्रचार करते-करते अपनी पार्टी को खत्म कर दिया। अब वह एक-एक हजार वोट पा रही हैं। उन्होंने अपनी पार्टी को स्वयं खत्म कर लिया है। बाबरी विध्वंस को लेकर शिवसेना (यूबीटी) के अखबार में दिए एक विज्ञापन और सोशल मीडिया पोस्ट की वजह से महाराष्ट्र में इंडिया ब्लॉक में फूट पड़ गई है। इसे लेकर मुंबई सपा अध्यक्ष अबू आजमी ने महा विकास अघाड़ी से अलग होने पर अजय राय ने कहा कि महा विकास आघाड़ी ने वहां पर एकजुटता के साथ अन्याय और अत्याचार के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी है। निर्णय लेने का काम उन लोगों का है। कांग्रेस मजबूती के साथ खड़ी है। ममता बनर्जी के राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लॉक को लीड करने के सवाल पर कांग्रेस नेता ने कहा कि यह निर्णय राष्ट्रीय नेतृत्व को लेना है। हम लोग इंडिया ब्लॉक को मजबूत कर रहे हैं। ज्ञात हो कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष



मायावती ने संभल हिंसा को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि संसद में दोनों दल संभल हिंसा की आड़ में मुस्लिम वोट बैंक को साधने में लगे हैं, जबकि वंचितों पर हो रहे अत्याचार की आवाज कोई नहीं उठा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद में कांग्रेस और सपा दलितों तथा देशहित के मुद्दों को उठाने की बजाय संभल-संभल चिल्ला रहे हैं। उन्होंने मुस्लिम समाज से अपील की कि जिस प्रकार कांग्रेस और सपा संभल में तुर्क और गैर-तुर्क मुसलमानों को बांटकर वोट बैंक की राजनीति कर रही है, उससे सतर्क रहने की जरूरत है।

**उत्तराखंड में 9,000 फुट से अधिक ऊंचाई पर तैनात होमगार्ड जवानों को प्रोत्साहन राशि मिलेगी : धामी : देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को कहा कि राज्य में 9,000 फुट से अधिक की ऊंचाई पर तैनात होमगार्ड के जवानों को पुलिस और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के जवानों की तरह 200 रुपये प्रतिदिन की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। धामी ने यहां बल के राज्य मुख्यालय में होमगार्ड स्थापना दिवस के मौके पर कई कल्याणकारी उपायों की घोषणा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि होमगार्ड स्वयंसेवकों को 60 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु प्राप्त करने पर दी जाने वाली राशि में 50,000 रुपये की वृद्धि की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षित होमगार्ड को राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के जवानों के साथ तैनात किए जाने पर प्रतिदिन 100 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि होमगार्ड विभाग में राजपत्रित और अराजपत्रित अधिकारियों के लिए लागू वर्दी भत्ता भी हर साल दिया जाएगा। धामी ने हमेशा विपरीत परिस्थितियों का सामना करने और देश की सेवा करने के लिए तत्पर रहने वाले होमगार्ड स्वयंसेवकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य सरकार उनके कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परेड में बड़ी संख्या में महिला होमगार्ड की भागीदारी महिला सशक्तीकरण का प्रतीक है।

## शर्मनाक हार के बाद गम में डूबे रोहित शर्मा



**एडिलेड, एजेंसी।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की पर्थ टेस्ट में गैरमौजूदगी के बाद वापसी अच्छी नहीं रही। एडिलेड ओवल में खेले गए डे-नाइट टेस्ट में भारत को ऑस्ट्रेलिया ने 10 विकेट से हरा दिया। रोहित ने इस मैच में छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में तीन और दूसरी में छह रन बनाए। उनके नेतृत्व और गेंदबाजी में बदलावों पर सवाल उठे। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि भारत ने कई मौके गंवाए, जो हार का कारण बने। मैच के बाद रोहित ने कहा- हमारे लिए यह हफ्ता निराशाजनक रहा। हमने उतना अच्छा नहीं खेला जितना जीत के लिए जरूरी था। ऑस्ट्रेलिया ने हमसे बेहतर प्रदर्शन किया। खेल के दौरान कई ऐसे मौके आए जिन्हें हम भुना नहीं सके और यही हार की वजह बनी।

उन्होंने आगे कहा- पर्थ में जो हमने किया था वह खास था। यहां भी हम वही दोहराना चाहते थे, लेकिन हर टेस्ट मैच अलग चुनौती लाता है। हमें पता था कि गुलाबी गेंद के साथ यह मैच मुश्किल होगा। लेकिन जैसा मैंने कहा, ऑस्ट्रेलिया बेहतर खेली। पांच मैचों की सीरीज अब 1-1 की बराबरी पर है। रोहित ने कहा कि टीम 14 दिसंबर से शुरू हो रहे गाबा टेस्ट के लिए तैयार है। उन्होंने कहा- अगले मैच से पहले ज्यादा समय नहीं है। हमें पर्थ में किए गए अच्छे प्रदर्शन और पिछली बार गाबा में किए गए प्रदर्शन को याद रखना होगा। वहां की अच्छी यादें हैं। हर टेस्ट मैच की चुनौती को समझते हुए हमें अच्छी शुरुआत करनी होगी।

## अफरीदी ने भारत में होने वाले मैचों के बहिष्कार करने को कहा

### पीसीबी से बोले- आत्मनिर्भर बनना होगा

**कराची (एजेंसी)।** पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को सलाह दी है कि जब तक भारत अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने पर सहमत नहीं हो जाता तब तक वह आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टूर्नामेंट सहित किसी भी क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय टीम को भारत भेजने से परहेज करे।



कराची कला परिषद में आयोजित उर्दू सम्मेलन में अफरीदी ने पीसीबी से भारत के साथ क्रिकेट संबंधों पर कड़ा रुख अपनाने की वकालत करने हुए कहा कि पाकिस्तान को मजबूत निर्णय लेने के लिए आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान क्रिकेट को मजबूत और आत्मनिर्भर होने के साथ सैद्धांतिक फैसले लेने चाहिए। भारत अगर पाकिस्तान में आकर नहीं खेल सकता है तो हमारे लिए भारत में जाकर खेलने का कोई कारण नहीं है। चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी-मार्च के बीच पाकिस्तान में होने वाली है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के अपने मैच पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया है और इसके बजाय टूर्नामेंट को 'हाइब्रिड मॉडल' में कराने की मांग की है जिससे उसे अपने मैच तटस्थ स्थान पर खेलने की अनुमति मिल सके।

इंडिया-ऑस्ट्रेलिया टेस्टः

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से हराया



**एडिलेड, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के दिन-रात्रि दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को 10 विकेट की शानदार जीत दर्ज की। पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच को 295 रन से गंवाने वाली ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इस जीत से श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।

ऑस्ट्रेलिया ने दिन के पहले सत्र में ही जीत के लिए मिले 19 रन के मामूली लक्ष्य को 3.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 157 रन की बढ़त लेने के बाद भारत की दूसरी पारी को महज 175 रन पर समेट दिया। भारत ने दिन की शुरुआत अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट पर 128 रन से आगे से की थी।

मिचेल स्टार्क ने शुरुआती ओवर में भी स्कोर बोर्ड पर बिना कोई रन जोड़े ऋषभ पंत (28) को आउट कर मैच में भारत की वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने इसके बाद पुछल्ले बल्लेबाजों को चलता करने की औपचारिकता पूरी की। हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 42 रन का योगदान दिया जिससे टीम पारी की हार से बच गयी। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान पैट कमिंस ने पांच विकेट झटके। मिचेल स्टार्क ने दो और स्कॉट बोलैंड ने तीन विकेट चटकाए।

### ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी

ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 19 रन चाहिए थे जिसे ओपनरों नाथन मैकस्वीनी और उस्मान ख्वाजा ने बिना विकेट गंवाए हासिल कर दिया। मैकस्वीनी ने 10 जबकि ख्वाजा ने 9 रन बनाए।



## ऑस्ट्रेलिया महिला टीम ने भारत के खिलाफ बनाया सबसे बड़ा वनडे स्कोर

### वोल-पैरी के शतक

**ब्रिसबेन, एजेंसी।** जॉर्जिया वोल (101) और एलिसे पैरी (105) के शानदार शतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे महिला वनडे मैच में भारत के खिलाफ 8 विकेट पर 371 रन का बड़ा स्कोर बनाया।

पहले बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद फोबे लिचफील्ड (60) और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई। यह स्कोर अब महिला वनडे में भारत के खिलाफ बनाया गया अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है जिसने इस साल जनवरी में वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया द्वारा बनाए गए 338/7 के पिछले स्कोर को पीछे छोड़ दिया। भारत उस मैच में 190 रनों के बड़े अंतर से हार गया था। वोल ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल के आउट होने के बाद पैरी ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और बेथ मूनी (56) के साथ मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा कायम किया।

भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रही। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिए। मिन्नू मनी ने 71 रन देकर दो विकेट जबकि रेणुका सिंह (78 रन पर एक विकेट), दीप्ति शर्मा (59 रन पर एक विकेट), और प्रिया मिश्रा (88 रन पर एक विकेट) को एक-एक सफलता मिली।

एललोब्रेगाट ओपनः

# क्रिस्टोबल से ड्रॉ खेलकर याहिल की बढ़त बरकरार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्पेन के सबसे मजबूत टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम रखने वाले एललोब्रेगाट ओपन शतरंज 2024 के आठवें राउंड में सबसे आगे चल रहे इज़राइल के ग्रांड मास्टर याहिल सोकोलोव्स्की नें टॉप सीड चिली के ग्रांड मास्टर क्रिस्टोबल हेनरिक विजाग्रा को ड्रॉ पर रोकते हुए अपनी बढ़त को बरकरार रखा है।

शीर्ष बोर्ड पर काले मोहोरो से खेल रहे याहिल नें क्यूजीडी एक्स्चेंज वेरिएशन में एक बेहद रोचक स्थिति में मात्र 17 चालों में ड्रॉ स्वीकार किया जब उनकी स्थिति बेहद रोमांचक नजर आ रही थी । इस ड्रॉ के बाद अब याहिल 7 अंको के साथ एकल बढ़त पर बने हुए है जबकि क्रिस्टोबल 6.5 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर चल रहे है । आठवे राउंड में शीर्ष 10 बोर्ड में से सिर्फ 4 बोर्ड पर परिणाम जीत - हार के आए जबकि छह मुक़ाबले बेनतीजा रहे । दूसरे बोर्ड पर इज़राइल के ग्रांड मास्टर इदों गोर्शतेन नें जर्मनी के ग्रांड मास्टर मार्टिन क्रेमर से और तीसरे बोर्ड पर बुल्गारिया के इंटरनेशनल मास्टर ट्स्वेटन स्टोयनोव नें स्वीडन के इंटरनेशनल मास्टर सेओ जुंग मिन से ड्रॉ खेला ।

चौथे बोर्ड पर इज़राइल के इंटरनेशनल मास्टर ब्रोंस्टेन ऑर नें स्पेन एक ग्रांड मास्टर जूलियन लुईस मरतीनेज को पराजित करते हुए अपने ग्रांड मास्टर नार्म की ओर कदम बढ़ा दिये है ,नीमजो इंडियनोपनिंग में सफ़ेद मोहरो से खेलते हुए उन्होने 34 चालों में बाजी अपने नाम की यह उनकी लगातार दूसरी जीत ग्रांड मास्टर के ऊपर थी और फिलहाल 2533 रेटिंग के प्रदर्शन के साथ वह अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहे है ।

पांचवें बोर्ड पर पोलैंड के ग्रांड मास्टर तजबीर मर्चिन नें स्पेन के ग्रांड मास्टर जोसेफ मनुएल लोपेज मार्टीनेज से ड्रॉ खेला तो छठे बोर्ड पर स्पेन एक युवा फीडे मास्टर और वर्तमान विश्व अंडर 16 चैम्पियन जविएर हबंस नें पिछले खेल की हार से उबरते हुए शानदार वापसी की और फीडे के इंटरनेशनल मास्टर आर्टिओम स्ट्रीबुक को पराजित करते हुए एक बार लय मे लौट आए है । फिलहाल 8 राउंड के बाद 2567 रेटिंग प्रदर्शन के साथ वह ग्रांड मास्टर और इंटरनेशनल मास्टर नार्म की तरफ बढ़ रहे है । सफ़ेद मोहरो से खेले मुक़ाबले मे उन्होने इंग्लिश ओपनिंग में 47 चालों में जीत दर्ज की ।

आठवें राउंड के बाद भारतीय खिलाड़ियों में महिला इंटरनेशनल मास्टर तेजस्विनी जी ने नीदरलैंड्स के वैन डेर हेगन लोएक को हराकर शानदार वापसी की। कल की हार के बाद इस जीत से उन्होंने अपनी महिला ग्रैंड मास्टर नॉर्म की उम्मीदों को जिंदा रखा है। वहीं, महिला कैंडिडेट मास्टर चार्वी ए को स्पेन के रोका प्लानस एडगर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। अब केवल दो राउंड शेष हैं, और भारतीय खिलाड़ी अपने-अपने नॉर्म और रेटिंग बढ़ाने की दिशा में पूरी ताकत झोंक रहे हैं।

# डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में तीसरे स्थान पर खिसका भारत, ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में खेले गए दूधिया रोशनी में दूसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट में भारत को शानदार अंदाज में हराकर आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में शीर्ष पर वापसी कर ली है। इस चक्र में अपनी नौवीं जीत के साथ, पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम ने अपने पीसीटी में सुधार करके 60.71 कर लिया और तालिका में दक्षिण अफ्रीका और भारत दोनों को पीछे छोड़ दिया। दूसरी ओर, भारत को 2023-25 चक्र में दसवें उलटफेर का सामना करना पड़ा और उसका पीसीटी गिरकर 57.29 पर आ गया, जिससे वह तीसरे स्थान पर खिसक गया।



दक्षिण अफ्रीका इस समय श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट में मजबूत स्थिति में है और जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच सकता है।

### भारत की पहली पारी 180 पर सिमटी, नीतीश रहे शीर्ष स्कोरर

इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में 180 रन बनाए। भारत के लिए नीतीश रेड्डी शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने 42 रन बनाए। नीतीश के अलावा केएल राहुल ने 37, शुभमन गिल ने 31, रविचंद्रन अश्विन ने 22 और ऋषभ पंत ने 21 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टॉर्क ने 6 विकेट झटके। स्टॉर्क के अलावा कप्तान पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 2-2 विकेट लिए।

## छेत्री ने रचा इतिहास

### आईएसएल में हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने



**नईदिल्ली, एजेंसी।** छेत्री 40 साल और 126 दिन की उम्र में आईएसएल के इतिहास में हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। भारत के महान फुटबॉलर सुनील छेत्री ने शनिवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया और लीग के इतिहास में हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। छेत्री की हैट्रिक से बेंगलुरू एफसी ने केरला ब्लास्टर्स पर 4-2 से जीत दर्ज की। छेत्री 40 साल और 126 दिन की उम्र में आईएसएल के इतिहास में हैट्रिक बनाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। इससे उन्होंने बार्थोलोम्यू ओगबेचे को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने जनवरी 2023 में एफसी गोवा के खिलाफ हैदराबाद एफसी के लिए 38 साल और 96 दिन की उम्र में यह कारनामा किया था।

इस साल की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने वाले पूर्व भारतीय कप्तान छेत्री ने आठवें, 73वें और 90+8वें मिनट में गोल किए जबकि रेयान विलियम्स ने टीम के लिए 38वें मिनट में दूसरा गोल किया। केरला ब्लास्टर्स के लिए जीसस जिमेनेज (56वें मिनट) और फ्रेडी लालामामा (67वें मिनट) गोल करने वाले खिलाड़ी रहे।

# शतक मशीन ने 289 दिन में ठोके 6 शतक

- **जो रूट ने वेलिंग्टन में सेंचुरी जड़ राहुल द्रविड़ की बराबरी की**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ वेलिंग्टन में दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार (8 दिसंबर) को इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट ने टेस्ट करियर का 36वां शतक जड़ा।



इस शतक के साथ ही उन्होंने भारत के दिग्गज क्रिकेटर राहुल द्रविड़ के टेस्ट शतक के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। रूट के लिए 2024 शानदार रहा है। इस साल यह उनका छठा शतक था। उन्होंने केवल 289 दिन में 6 शतक ठोक दिए हैं।

जो रूट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 8 दिसंबर को 208 गेंद पर 106 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी के बदौलत इंग्लैंड ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 427 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। बेन डकेट 92 और जैकब बेथेल 96 शतक से चूक गए। हैरी ब्रूक ने 55 और कप्तान जो रूट ने नाबाद 49 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड को 583 रन का टारगेट मिला।

### जो रूट का 2024 में प्रदर्शन

जो रूट ने 2024 में पहला शतक फरवरी में जड़ा था। इसके बाद जुलाई में 1, अगस्त में 2, अक्टूबर में 1 और दिसंबर में 1 शतक जड़ा। उन्होंने 2024 में 16 मैच की 29 पारी में 56.53 के औसत से 1470 रन बनाए हैं। 6 शतक के अलावा 4 अर्धशतक लगाए हैं। टेस्ट क्रिकेट में रूट से ज्यादा कुमार संगकारा 38, रिकी पोंटिंग 41, जैक कैलिस 45 और सचिन तेंदुलकर के 51 शतक हैं।

### जो रूट के टेस्ट क्रिकेट में रन

टेस्ट क्रिकेट में रन की बात करें तो जो रूट ने 50.93 के औसत से 12886 रन बनाए हैं। राहुल द्रविड़ के 13288, जैक कैलिस के 13289, रिकी पोंटिंग के 13378 और सचिन तेंदुलकर के 15921 रन हैं। वेलिंग्टन टेस्ट मैच न्यूजीलैंड के हाथों से निकलता दिख रहा है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंस ने शनिवार (8 दिसंबर) को हैट्रिक लेकर इतिहास रचा था।

## बीसीसीआई का ऐलान

# 15 दिसंबर को फिर होगा ऑक्शन, 120 खिलाड़ियों के नाम आए सामने

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के बाद अब महिला प्रीमियर लीग के अगले सीजन के लिए ऑक्शन का आयोजन किया जाएगा. डब्ल्यूपीएल में 5 टीमें खेलती हैं और हर एक टीम में छह विदेशी खिलाड़ियों सहित 18 खिलाड़ी हो सकते हैं. वहीं, सभी टीमों का पर्स 15 करोड़ है. पिछले महीने की शुरुआत में ही सभी टीमों ने रिटेंशन लिस्ट का ऐलान किया था. अब पांचों टीमें ऑक्शन में अपना स्क्वॉड पूरा करने उतरेंगी. ये एक मिनी ऑक्शन होगा, जिसका आयोजन 15 दिसंबर को होने वाला है.

महिला प्रीमियर लीग के लिए होने वाले ऑक्शन के लिए खिलाड़ियों की लिस्ट सामने आ गई है. ऑक्शन 15 दिसंबर 2024 को बेंगलुरु में होगा. इस बार ऑक्शन के लिए 120 खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट की गई हैं. 120 खिलाड़ियों की लिस्ट में 91 भारतीय और 29 विदेशी क्रिकेटर हैं, जिनमें 3 एसोसिएट देशों की हैं. वहीं, 82 भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ी और 8 अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी इस बार ऑक्शन का हिस्सा बनने वाली हैं. बता दें, ऑक्शन में ज्यादा से ज्यादा 19 खिलाड़ियों की ही किस्मत खुलेगी, क्योंकि 5 टीमों को मिलाकर अब सिर्फ 19 स्लॉट की खाली हैं. जिसमें से 5 स्लॉट विदेशी खिलाड़ियों के हैं.

गुजरात जायंट्स की टीम ऑक्शन में सबसे ज्यादा 4.40 करोड़ रुपए के पर्स के साथ उतरेगी. वहीं, उसकी टीम में सिर्फ 4 जगह ही बाकी हैं. ऐसे में वह बड़ी बोली लगाती हुई नजर आ सकती है. यूपी वॉरियर्स की टीम के पर्स में भी 3.90 करोड़ रुपए हैं. वह ऑक्शन में ज्यादा से ज्यादा 3 खिलाड़ियों को खरीद सकती है. उसने कुल 15 खिलाड़ियों को रिटेन किया है.

पिछले सीजन की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पर्स में अब 3.25 करोड़ रुपए बचे हुए हैं और वह ज्यादा से ज्यादा 4 खिलाड़ियों को खरीद सकती है. मुंबई इंडियंस के पर्स में अब 2.65 करोड़ रुपए बचे हुए हैं. लेकिन दिल्ली के पास अब सिर्फ 2.5 करोड़ रुपए ही बाकी है.

रिटेन किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

रिटेनः स्मृति मंधाना (कप्तान), सब्बीनेनी मेघना, ऋचा घोष, एलिसे पेरी, जॉर्जिया वेरेहम, श्रेयंका पाटिल, आशा शोभना, सोफी डिवाइन, रेनुका सिंह, सोफी मोलिनेक्स, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, कनिका आहूजा, डैनी व्याट (ट्रेड).

### मुंबई इंडियंस

रिटेनः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), पूजा वस्त्राकर, यास्तिका भाटिया, नैट साइवर-ब्रंट, हेली मैथ्यूज, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, अमनजोत कौर, सैका इशाक, जिंतिमनी कलिता, एस सजना, कीर्तन बालाकृष्णन, शबनीम इस्माइल.

### दिल्ली कैपिटल्स

रिटेनः शैफाली वर्मा, जेमिमाह रोड्रिग्स, तानिया भाटिया, राधा यादव, अरुंधति रेड्डी, शिखा पांडे, स्नेहा दीप्ति, मिन्नू मणि, तितास साधु, मेग लैनिंग, एलिस कैप्सी, मारिजैन कैप, जेस जोनासेन, एनाबेल सदरलैंड.

### यूपी वारियर्स

रिटेनः एलिसा हीली (कप्तान), ताहलिया मैकग्राथ, ग्रेस हैरिस, दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), श्वेता सहरावत, सोफी एक्लेस्टोन, चामरी अटापट्टू, किरण नवगिरे, राजेश्वरी गायकवाड़, अंजलि सरवानी, उमा छेत्री, पूनम खेमनार, साइमा ठाकोर, गौहर सुल्ताना, वृंदा दिनेश

### गुजरात जायंट्स

रिटेनः हरलीन देओल, दयालन हेमलता, तनुजा कंवर, शबनम शकील, मन्नत कश्यप, वेदा कृष्णमूर्ति, तरन्नुम पठान, सयाली सथगरे, मेघना सिंह, तृषा पूजिता, प्रिया मिश्रा, बेथ मूनी, एशले गार्डनर, लौरा वोल्वार्डट, ली ताहुहु, फोएबे लिचफील्ड, कैथरीन ब्राइस.

# पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान, नारी सुरक्षा, यातायात नियमों एवं साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी

## यातायात प्रभारी आरआई नीलम लक्ष्यकार एवं थाना प्रभारी सलेहा अनिल सिंह राजपूत ने किया जागरूक

### हाई स्कूल भितरी मुटमुरु एवं सलेहा के एआरएम विद्यालय में किया गया जागरुकता अभियान



पन्ना

जिले के सलेहा थाना अन्तर्गत के भितरी मुटमुरू के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं एआरएम विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। जागरूकता अभियान विगत 6 दिसम्बर को दोपहर एक बजे यातायात प्रभारी आरआई नीलम लक्ष्यकार एवं सलेहा थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत ने जागरूकता अभियान कार्यक्रम किया। यातायात प्रभारी श्रीमती नीलम लक्ष्यकार ने जागरूकता अभियान के तहत बालिकाओं को स्वास्थ्य सशक्त आत्म निर्भर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा अपनी सुरक्षा के लिए जवाबदार और आत्म निर्भर बने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें, सीटबेल्ट पहनें, बच्चों के साथ यात्रा करते समय, उचित कार और बूस्टर सीट का इस्तेमाल करें, रात में वाहन न चलाएं, खासकर अपरिचित या ग्रामीण इलाकों में, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, गति सीमा का ध्यान रखें, फुटपाथ पर सावधानी से चलें और डेब्रा क्रॉसिंग से ही सड़क पार करें, यातायात संकेतों का पालन करें, लाल संकेत का मतलब है रुकना, पीले का मतलब तैयार होने और हरे का मतलब आगे बढ़ना. बाइक चलाते समय हैल्मेट जरूर लगाएं उन्होंने कहा हम जानते हैं एक्सीडेंट क्यों होते हैं मगर। नियमों का पालन नहीं करते आप सुरक्षित रहने के लिए यातायात नियमों का पालन जरूर करें क्योंकि दुर्घटना होने पर कोई आपको नहीं बचा सकता है साइबर सेल प्रभारी अनिल सिंह राजपूत ने बताया की साइबर अपराधों से बचें साइबर अपराध मोबाइलों से होते हैं अपने फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम ग्रुप में आई हुई किसी लिंक को डाऊनलोड नहीं करें। न ही मैसेज में आई हुई ओटीपी किसी को बताए। 91, भारत का कोड है अगर दूसरे कोड से कोई फोन आते है तो रिसीव नहीं करें और किसी भी समास्या को लेकर आप साइबर सैल या थाना पुलिस से सम्पर्क करें सतर्कता से साइबर अपराधों से बचा जा सकता है जागरूकता अभियान में सलेहा थाना प्रभारी अनिल सिंह राजपूत, यातायात प्रभारी नीलम लक्ष्यकार, आरक्षक अवनीश गौतम पुष्पेन्द्र सोलंकी, रियाज मोहम्मद, शिक्षा विभाग से सीताराम प्रजापति, नीरज मिश्रा, रंजोर सिंह यादव सरसा फुदवानी अतिथि शिक्षक सहित ब?ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पुलिस द्वारा बलात्कार के आरोपी को 24 घण्टे के अंदर किया गया गिरफ्तार




पन्ना

दिनांक 01.12.2024 को फरियादी द्वारा थाना बृजपुर उपस्थित आकर रिपोर्ट की गई की उसकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया हैं जिसकी रिपोर्ट पर थाना बृजपुर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपहरण का अप.क्र. 219/2024 धारा 137(2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना की जानकारी थाना प्रभारी बृजपुर के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई । जिस पर पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा मामले की अपहता को जल्द से जल्द दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं एस.डी.ओ.पी. अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन मे बृजपुर थाना प्रभारी उनि भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व मे टीम का गठन का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीम द्वारा मामले की अपहृता व अज्ञात आरोपी की लगातार तलाश पतारसी की गई जो दिनांक 04.12.2024 को अपहृता को हमीरपुर उ.प्र. से दस्तयाब किया गया था। अपहृता द्वारा अपने कथनों में आरोपी के द्वारा अपहृता को दिनांक वक्त घटना को बहला फुसलाकर भगा ले जाना व अपने साथ रखकर गलत काम करना बताये जाने पर मामले में आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 87, 64(1), 65(1), 64(2)((उ) बी.एन.एस., 3/4,5(ट)/6,6(श्र) (पप)/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया।उक्त पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी को अपराध धारा सदर का इजाफा होने के 24 घण्टों के अंदर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

सराहानीय कार्य- थाना प्रभारी बृजपुर भानू प्रताप सिंह, सउनि.प्रीतम सिंह, प्यार खान, रामपाल बागरी, राजेश कुमार, प्रदीप हरदेनिया, सुधीर अरजरिया, कृष्णकांत चौरसिया, प्रवेन्द्र यादव, सीमा यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# शरीफ ढाबा के सामने एक हुआ भयावह सड़क हादसा, बाइक चालक की मौके पर ही मौत



**पन्ना।** देवेंद्रनगर पन्ना रोड एनएच 39 पर स्थित शरीफ ढाबा के सामने एक भयावह सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। शुक्रवार को लगभग 3:30 बजे पन्ना की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने बाइक सवार आनंद रैकवार, पिता राम किशुन रैकवार (उम्र लगभग 25 वर्ष), जो देवेंद्रनगर के बडोरा गांव के निवासी थे, को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इसके बाद, ट्रक चालक मौके से फरार हो गया और सतना की ओर भागने लगा। लेकिन देवेंद्रनगर बस स्टैंड के पास स्थानीय लोगों ने ट्रक को रोक लिया और चालक को पक? लिया। इसके बाद ट्रक चालक को देवेंद्रनगर थाने भेजा गया। घटनास्थल पर देवेंद्रनगर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है और आरोपी चालक के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा रही है। इस घटना ने एक बार फिर वाहनों की रफ्तार पर लगाम की जरूरत को उजागर किया है। सड़क हादसों का कारण अक्सर वाहन चालकों की लापरवाही और तेज रफ्तार होती है, जिससे न केवल जानमाल की हानि होती है, बल्कि परिवारों का जीवन भी प्रभावित हो जाता है। इस तरह के हादसे रोकने के लिए प्रशासन को और सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और लोगों की जान की हिफाजत हो सके। स्थानीय लोग भी इस हादसे को लेकर काफी चिंतित हैं और वे सड़क पर वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# आदित्य प्रताप सिंह का जूनियर एथेलेटिक्स चैंपियन शिप में चयन

**पन्ना।** राष्ट्रीय जूनियर एथेलेटिक्स चैंपियन शिप 2024 का आयोजन भुवनेश्वर उड़िसा के कलिंगा स्टेडियम में आयोजित की जा रहीं है। जिसमें पूरे देश के खिलाड़ी शामिल होगें। उक्त प्रतियोगिता में पन्ना जिले के आदित्य प्रताप सिंह शामिल हो रहे है। जिनका चयन मध्य प्रदेश से किया गया है। उक्त प्रतियोगिता सात दिसम्बर से ग्यारह दिसम्बर तक आयोजित की जा रही है। आदित्य प्रताप सिंह नें सेमी फाईनल में अपना स्थान बना लिया था, जो आंगे आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगें।

## तीन दिवसीय ग्रीन इंडिया मिशन के तहत कार्यशाला

# गौ सदनो को स्वावलंबी बनाने की दिशा में मास्टर ट्रेनर दे रहे हैं प्रशिक्षण



**पवई।** ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत वन परिक्षेत्र पवई एवं मोहंदरा के संयुक्त संयोजन में गोबर से हस्तशिल्प कला को रोजगार का सशक्त माध्यम बनाने का तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पन्ना जिले की सबसे बड़ी पवई से कटनी रोड पर स्थित विद्यासागर गौ सेवा सदन मैं बाहर से आए मास्टर ट्रेनर द्वारा पिछले दो दिन से गाय के गोबर के घरेलू जीवन में उपयोगिता की वस्तुएं को बनाने की विधि ग्राम वन समिति के सदस्यों एवं गौ सदनों के निकट रहने वाले व्यक्तियों को उपरोक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण के दूसरे दिन कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक एवं रचनात्मक रूपरेखा की पृष्ठभूमि रखने में निपुण डीएफओ दक्षिण पन्ना अनुपम शर्मा ने शिविर में शिरकत की उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि ग्रीन इंडिया मिशन के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वन क्षेत्र के नजदीक रहवासियों के जीवन स्तर में सुधार हो, उनकी आजीविका एवं स्वरोजगार की व्यवस्था बने इसके लिए लगभग प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्रों में गौशालाएं बनाई जा रही हैं जिस कारण गाय के गोबर का महत्व भी बढा है गाय के गोबर से ग्रामीणों को रोजगार के तरीके को समझने के लिए वन विभाग द्वारा विशेषज्ञों की टीम बुलाई गई है और वह निरंतर रूप से लोगों को प्रशिक्षित कर रही है। नितेश पटेल वन परक्षेत्र अधिकारी पवई में बताया कि वर्तमान में कई राज्यों द्वारा गाय के गोबर का इस्तेमाल रसोई गैस से लेकर देसी खाद और जैविक उर्वरक बनाने में किया जा रहा है गाय की गोबर से पेट पेपर बैग, गौकास्ट लकड़ी, दंत मंजन, तक बनाए जा रहे हैं जिसका वास्तविक लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को रोजगार मिले एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित गौशालाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी बने उसके लिए नागपुर से मास्टर ट्रेनरों द्वारा लगातार हस्तकला एवं शिल्प कला के माध्यम से गोबर की उपयोगिता को विस्तार से समझाया जा रहा है इस दौरान अन्य विभाग के अधिकारी वन कल्पना तिवारी डिप्टी रेंजर बीके खरे सहित संपूर्ण अमला मौजूद रहा।

# ग्राम पंचायत गंज के सन्यासी बाबा तालाब पर भारी अतिक्रमण, की जा रही खेती

**पन्ना।** जनपद पंचायत गुनौर अन्तर्गत ग्राम पंचायत गंज के सन्यासी बाबा का तालाब बहुत प्राचीन है, तथा उक्त तालाब लगभग बीस एकड़ से अधिक में फैला हुआ है, जिस पर स्थानीय भू माफियाओं द्वारा अतिक्रमण कर खेती की जा रही है तथा उक्त खेती में तालाब का पानी भी लगाया जा रहा है, यह क्रम वर्षो से चल रहा है, स्थानीय लोगो नें उक्त मामले को लेकर अनेको बार अनुविभागीय स्तर के अधिकारीयों तथा जिम्मेवार जन प्रतिनिधियों से भी शिकायत की गई। लेकिन उक्त मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

# जेके सीमेंट की तानाशाही के खिलाफ गुनौर विधायक राजेश वर्मा ने बुलंद की आवाज

### अवैध उत्खनन, जबरन जमीनों पर कब्जा एवं क्षेत्रीय बेरोजगारों को रोजगार नहीं देने के संबंध में विधानसभा में उठाया प्रश्न



**पन्ना।** जिले के अमानगंज व सिमरिया तहसील क्षेत्र अंतर्गत जेके सीमेंट कंपनी मुरैना प्रबंधन द्वारा किए जा रहे अंधाधुंध अवैध उत्खनन एवं किसानों की जमीनों पर जबरन कब्जा सहित स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं देने रॉ मटेरियल की तस्करी करने एवं बेलगाम वाहनों की वजह से आए दिन हादसों में हो रही मौतों के मामले में आवाज बुलंद करते हुए विधानसभा में प्रश्न उठाया है। विधायक श्री वर्मा ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि मुझे जनता ने चुना है और मेरा दायित्व है कि जनता की समस्याओं का समाधान के लिए आगे आऊं वर्तमान में जेके सीमेंट प्रबंधन की मनमानी से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। कभी भी और कहीं भी अवैध उत्खनन शुरू कर देना, किसानों की जमीने दलालों और बिचौलियों के माध्यम से हड़पना आम बात हो चुकी है। श्री वर्मा ने आगे कहा कि वह चाहते हैं कि क्षेत्रीय बेरोजगार जो दूसरे राज्यों के महानगरों में नौकरी के लिए भटकने को मजबूर हैं उन्हें यही रोजगार मिलना चाहिए एवं किसानों की जमीने जो अधिग्रहित की जा रही है उनका सही मूल्य मिलना चाहिए यदि ऐसा नहीं हुआ तो वह शांत नहीं बैठेंगे।

# स्वास्थ विभाग द्वारा विश्व एड्स सप्ताह के दौरान अनेक गतिविधियां हो रहीं संचालित

**पन्ना।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला पन्ना डॉक्टर एस के त्रिपाठी के मार्गदर्शन में लगातार स्वास्थ गतिविधियां संचालित की जा रहीं है। एड्स फखवाड़ा के दौरान अनेक कार्यक्रम स्वास्थ विभाग द्वारा विभिन्न संस्थाओं मे आयोजित किये गयें। इस दौरान स्वास्थ संबंधि रोगो को लेकर आम लोगो को जागरूक किया गया। इसी कड़ी में राजीव गांधी इंस्टीट्यूट, माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय पन्ना में कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित सभी छात्रो को स्टाप को एड्स एवं अन्य रोगो के संबंध मे स्वास्थ संबंधि जानकारीयां प्रदान की गई। इस दौरान स्वास्थ विभाग से अखिलेश श्रीवास, प्रभात मिश्रा, अशोक कुशवाहा आदि उपस्थित रहें। जिनके द्वारा विभिन्न गतिविधियां से सभी को अवगत कराया।

# नगरीय निकायों में सहयोग अभियान से जरूरतमंदों को पहुंचाई जाएगी मदद

पन्ना

आगामी दिनों में तेज ठंड की स्थिति को देखते हुए समस्त नगरीय निकायों में जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने के लिए सहयोग अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। अभियान के सफल संचालन के लिए नगरीय विकास आयुक्त द्वारा नगरीय निकायों को परिपत्र जारी कर निर्देश दिए गए हैं। सहयोग अभियान में जनप्रतिनिधियों की मदद से अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। यह अभियान स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित होगा। अभियान के लिए रिसाइकिल, रियूज और रिड्यूज (आरआरआर) केन्द्रों में विशेष व्यवस्था की जा रही है। नगरीय निकायों के मैदानी अमले को कहा गया है कि नागरिकों से गर्म कप? एवं सामग्री एकत्र कर जरूरतमंदों तक पहुँचाने के लिये टीम भावना के साथ काम किया जाए। नगरीय निकाय के अमले को गर्म वस्त्र और सामग्री तत्परता से एकत्र करने और जरूरतमंद तक पहुँचाने के लिये कहा गया है। सहयोग अभियान के सिलसिले में नगरीय विकास विभाग ने रविवार, 8 दिसम्बर को प्रात: 9 बजे प्रदेशव्यापी ऑनलाइन कार्यशाला आयोजित करने का निर्णय लिया है। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और स्वयंसेवी संस्थाओं के अनुभव और सुझाव साझा किये जायेंगे। कार्यशाला में शामिल होने के लिये लिंक स्वच्छ भारत मिशन, शहरी के सोशल मीडिया पेज पर उपलब्ध होगी। सभी शहरों में वर्ष 2022 में आरआरआर केन्द्र स्थापित किये गये हैं। नगरीय निकायों में इस काम के लिये विशेष वाहन भी संचालित किये जा रहे हैं। संचालनालय स्तर पर प्रदेशव्यापी अभियान की निगरानी के लिये विशेष व्यवस्था भी की गयी है।

# शिक्षक उमा प्रसाद द्विवेदी को सेवानिवृत होने पर दी भावभीनी विदाई



**पन्ना।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोरा में पदस्थ उमा प्रसाद द्विवेदी शिक्षक आज अपने स्कूल से सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह आओ जीत किया गया। विदाई समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी नंदपाल सर जी एवं समस्त स्टाफ उपस्थिति में उमा प्रसाद द्विवेदी जी को फूल माला एवं शाल श्रीफल फल से सम्मान करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक और समस्त ग्रामवासी और रामनारायण सिंह शिक्षक सेवानिवृत्ति उनको बधाई देते हुए और अपने दोस्ताना का परिचय देते हुए हमारे परिवार से हमेशा जुड़े रहे और जुड़े रहेंगे मैं चरण स्पर्श करके आशीर्वाद लेता हूं उनका हमेशा एक शब्द था, राजा, जो मुझे हमेशा याद रहेगा हमारे ग्राम खोरा के रामबरन जी विकलांग होने के नाते भी उनका पंडित जी से बहुत लगाव होने के कारण उनके विदाई में जरूर सम्मिलित हुए हैं और हमारे गुरु जी ने उनका सम्मान पूर्वक स्वागत भी किया है और हृदय से भी लगाया ऐसे व्यक्ति बिरले ही संसार में आते हैं अपना नाम रोशन कर जाते है। विदाई समारोह मे छात्र छात्राएं एवं स्कूल के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# सौरभ पाठक का कृषि विस्तार अधिकारी पद पर चयन



**पवई।** पवई नगर में प्रतिभाओं की कमी नहीं रही है प्रत्येक वर्ष एक या दो प्रतिभाएं प्रशासनिक पदों के लिए चयनित हो रही है उन्ही प्रतिभाओं में से एक सौरभ पाठक है जिन्होंने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा आयोजित परीक्षा में कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर चयनित होकर अपने माता-पिता ही नहीं बल्कि पूरे पवई क्षेत्रचल को गौरवान्वित कर दिया। सौरभ के पिता मनोज पाठक आबकारी विभाग में पदस्थ है तथा उनकी मां मातेश्वरी पाठक जो की ग्रहणी है सौरभ ने बताया कि उनके साथ हर पल उनकी माता-पिता का साया रहता है और उनकी सफलता का श्रेय उनके माता-पिता पर ही जाता है बता दे की सौरभ की मां एक आदर्श ग्रहणी के साथ-साथ उच्च शिक्षित एवं पूजा पाठ में लीन रहने वाली मां है वह पवई जनपद के अंतर्गत जनपद सदस्य भी रह चुकी हैं तथा आज भी सिमरिया मुराछ एवं पवई क्षेत्र लोग सम्मान की नजरों से पूरे परिवार को देखते हैं सौरभ पाठक की सफलता पर उनके ईस्ट मित्रों पत्रकारों द्वारा मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।

# थाना प्रभारी पवई ने छात्राओं को दी साइबर क्राइम की जानकारी

**पवई।** इन दिनों पूरे देश में साइबर क्राइम बढ़ रहे हैं जिसको लेकर पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एसडीओपी सौरव रत्नाकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पवई त्रिवेंद्र त्रिवेदी ने शनिवार को सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचकर छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और सावधानी बरतने की बात कही गई साथ ही पुलिस कानून मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर के विषय में छात्राओं को बताया गया तथा यातायात नियमों सहित अन्य कानून के बारे में भी जानकारी दी गई।

# नरेन्द्र कुमार लोधी के समग्र आईडी में जुड़े फर्जी नाम हटाने दिया आवेदन

**पन्ना।** जिले के नगर परिषद गुनौर के वार्ड नम्बर 05 निवासी नरेन्द्र कुमार लोधी ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरे परिवार समग्र आईडी क्रमांक-46582038 में रानी देवी एवं सुरेन्द्र कुमार के नाम जोड़े गये है जिसको लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुनौर को आवेदन देते हुए मांग की है कि मेरे समग्र आईडी से नाम हटाये जाने को लेकर ज्ञापन दिया गया था लेकिन मुझ समग्र आईडी से नाम नहीं हटाये जा रहे है। जिसको लेकर आवेदक नरेन्द्र कुमार लोधी के समग्र आईडी में फर्जी नाम जुड़े होने पर उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने बताया कि रानी देवी एवं सुरेन्द्र कुमार से मेरा कोई संबंध नहीं है। नगर परिषद गुनौर एवं जिला प्रशासन से उक्त नाम हटाये जाने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि उक्त नाम काटे जाते है या नहीं यह तो आने वाला वक्त ही बतायेगा।

# उप निर्वाचन के लिए सार्वजनिक अवकाश

**पन्ना।** पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2024 के लिए 9 दिसम्बर को मतदान होगा। राज्य शासन द्वारा मतदान दिवस पर संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, सोमवार 09 दिसम्बर 2024



उप मुख्यमंत्री ने अटल पार्क रीवा में आयोजित पैदल दौड़ व स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिये समर्पित दौड़ सराहनीय कार्य है।



## उप मुख्यमंत्री ने नैनिहालों को पिलाई पोलियो की खुराक

### कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से छूटे नहीं : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 0-5 वर्ष आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के अभियान का उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने नैनिहालों को दवा पिलाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माताएँ व बहने जागरूक रहें कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा पीने से छूटे नहीं। स्वास्थ्य विभाग का अमला भी हर बच्चे को पोलियो की खुराक अवश्य दें। कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय रीवा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में स्वस्थ्य भारत के लिए अभियान चलाकर रोगों के उन्मूलन के कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। प्रदेश में भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक सभी प्रकार की निश्शुल्क



जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ताकि समय रहते रोग की जांच हो जाय और उपचार मिले जिससे अस्पतालों में भीड़ न बढ़े। स्वास्थ्य सुविधाओं के उद्देश्य से प्रदेश में दो हजार चिकित्सकों, तीन हजार पैरामेडिकल स्टाफ सहित 16 हजार आउटसोर्स कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है ताकि ग्रामीण स्तर तक समुचित उपचार की सुविधाएँ मुहैया हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिशु मृत्यु दर व मातृ मृत्यु दर को कम करने के प्रयास किये जा रहे हैं। आमजन जागरूक होकर इसमें सहयोग करें तथा स्वास्थ्य विभाग का भी दायित्व है कि इस कार्य में अपना संपूर्ण योगदान दें। श्री शुक्ल ने कहा कि गरीब, किसान, महिला व युवा के कल्याण को प्राथमिकता देने का प्रदेश सरकार की लक्ष्य है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि अपने दायित्व का निर्वहन करें और स्वस्थ्य प्रदेश व देश बनाने में सहभागी हों। उप मुख्यमंत्री ने आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किये जा रहे सेवाभाव की सराहना की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 16 संवेदनशील जिलों में पल्स पोलियो अभियान संचालित किया जा रहा है। रीवा जिला इसमें शामिल नहीं है परन्तु हमारा कर्तव्य है कि जिले में पोलियो खुराक नवजात बच्चों को मिले ताकि उन्हें पोलियो की बीमारी का कवच मिल सके। इससे पूर्व राज्य प्रतिनिधि डॉ. विपिन श्रीवास्तव ने रीवा में टीकाकरण में हुई उल्लेखनीय उपलब्धि की सराहना की। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बी.के. अग्निहोत्री ने पल्स पोलियो सहित जिले में टीकाकरण कार्य की प्रगति के विषय में जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती नीता कोल, राजेन्द्र गौतम, डॉ. आर.बी. चौधरी, सिविल सर्जन डॉ. एमएल गुप्ता, डीपीएम राघवेन्द्र मिश्रा, ऋषिराज गौतम सहित चिकित्सक, नवजात बच्चों की माताएँ तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हर पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ दें : मुख्यमंत्री

### प्रदेश में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान चलेगा 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक : मुख्यमंत्री

**रीवा।** प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान तथा 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से अभियान की तैयारियों के संबंध में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। अभियान 11 दिसम्बर से गीता जयंती से आरंभ होगा। इसका समापन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को होगा। अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में भी यदि



हितग्राही लाभ पाने से वंचित रह गए तो उन्हें 26 जनवरी को लाभान्वित किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और शहरी क्षेत्र के लिए आयुक्त नगर निगम नोडल अधिकारी होंगे। कलेक्टर पूरे जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के शिविरों की तिथियाँ निर्धारित कर प्रिंट और सोशल मीडिया के माध्यम से उनका प्रचार-प्रसार कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी तथा अधिकारियों के दल तत्काल तैनात कर दें। प्रत्येक दिन की गतिविधि तथा लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर दर्ज होगी। विभाग अपनी योजनाओं का लाभ देने के लिए अलग से भी शिविर लगा सकते हैं। परिवहन विभाग स्कूल और महाविद्यालयों में शिविर लगाकर ड्राइविंग लाइसेंस बनाएं। राजस्व महाभियान अब 15 दिसम्बर को समाप्त नहीं होगा। यह अभियान 26 जनवरी तक चलाया जाएगा। जन कल्याण अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों, विकासखण्डों, अधिकारियों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस में सम्मानित किया जाएगा।

## पंचायत एवं नगरीय निकाय के उप निर्वाचन के लिए मतदान आज

**रीवा।** पंचायत एवं नगरीय निकायों के उप निर्वाचन के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार रीवा जिले के विकासखण्ड जवा अन्तर्गत कटांगी में तथा रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 10 में मतदान 9 दिसंबर को ईव्हीएम के माध्यम से संपादित कराया जायेगा। कटांगी में सरपंच पद के लिए मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा जबकि रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 10 में पार्षद पद के लिए मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक संपन्न होगा। सरपंच पद की मतगणना 13 दिसंबर को प्रातः 8 बजे से खण्ड मुख्यालय में होगी तथा नगर निगम के वार्ड पार्षद की मतगणना 12 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज रीवा में संपन्न करायी जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटांगी में प्राथमिक शाला भवन कटांगी, प्राथमिक शाला भवन चकनंदीभौजी एवं प्राथमिक शाला भवन खरपटा में मतदान केन्द्र बनाये गये हैं जबकि रीवा नगर निगम में वार्ड क्रमांक 10 में शिक्षा महाविद्यालय के कमरा नंबर एक, दो, तीन एवं पांच में तथा मार्तण्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कमरा नंबर एक, दो, तीन एवं पांच में मतदान केन्द्र बनाये गये हैं।

## टीएल बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में टीएल बैठक का आयोजन 9 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में किया गया है। बैठक में कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में समस्त सीईओ जनपद, बीएमओ, नगर परिषदों के सीएमओ, महिला एवं बाल विकास विभाग के सीडीपीओ सहित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

## कमिश्नर ने मैहर जिले में राजस्व महाभियान का लिया जायजा

### राजस्व महाभियान में लंबित प्रकरण अनिवार्य रूप से निराकृत करें : कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के सभी जिलों में राजस्व महाभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत लगातार शिविरों का आयोजन कर बी-1 का वाचन किया जा रहा है। राजस्व अधिकारी नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और अभिलेखों में सुधार के प्रकरण निराकृत कर रहे हैं। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने राजस्व महाभियान में मैहर जिले में अमरपाटन तहसील कार्यालय



तथा एसडीएम कार्यालय का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में बैठक लेकर अभियान की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि राजस्व महाभियान में निर्धारित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार और नक्शा तरमीम के प्रकरण अनिवार्य रूप से निराकृत करें। प्रकरणों में पीठासीन अधिकारी अधिक समय की पेशी न दें। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नामांतरण तथा बंटवारा के प्रकरण तय समय सीमा निराकृत करें। जिन प्रकरणों में आदेश जारी हो जाता है उनमें खसरे और नक्शे में बटांकन अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। किसान सम्मान निधि की ईकेवाईसी एवं आधार सीडिंग तथा नक्शा तरमीम के प्रकरण बड़ी संख्या में लंबित हैं। इनके निराकरण के लिए पटवारियों को साप्ताहिक लक्ष्य दें। लक्ष्य की पूर्ति की रिपोर्ट लेकर प्रस्तुत करें। अभियान में अच्छा कार्य करने वाले राजस्व अधिकारियों और पटवारियों को सम्मानित करें। लक्ष्य पूर्ति में सबसे नीचे रहने वालों पर कार्यवाही करें। मौके पर उपस्थित कलेक्टर मैहर ने राजस्व महाभियान की जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम मैहर विकास सिंह, एसडीएम अमरपाटन आरती सिंह तथा अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा की

रीवा

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने सिलपरा-बेला रिंग रोड तथा ढेकहा तिराहे से करहिया मंडी सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में श्री शुक्ल ने सिलपरा - बेला रिंग रोड के अद्यतन कार्य की जानकारी लेते हुए इसमें और अधिक गति देने के निर्देश दिये। उन्होंने रिंग रोड में आरओवी तथा पुल निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय सीमा



में पूर्ण करते हुए सड़क कार्य को अक्टूबर 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। श्री शुक्ल ने ढेकहा तिराहे से करहिया मंडी तक के सड़क निर्माण कार्य की बाधाओ को दूर करते हुए कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में ठण्ड से बचाव के लिये गौवंश के लिये बनाये जा रहे शेड निर्माण कार्य को आगामी दस दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने हिनौती गौधाम में अधोसंरचना विकास के कार्यों की जानकारी प्राप्त की। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, समाजसेवी राजेश पाण्डेय सहित निर्माण विभाग के अधिकारी, जिला पंचायत के संजय सिंह उपस्थित रहे।

## पुलिस द्वारा अपहृता को सकुशल दस्तयाब कर परिजनो को किया गया सुपुर्द

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक जिला रीवा विवेक सिह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक लाल एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) त्योथर उदित मिश्रा के मार्गदर्शन में आपरेशन मुस्कान विशेष अभियान के तहत थाना चाकघाट के अपराध क्रमांक 123/2024 की अपहृता को दिनांक 07.12.24 को दस्तयाब किया जाकर विधि अनुसार कार्यवाही उपरान्त अपहृता को दिनांक 07.12.24 को परिजनो को सुपुर्द किया गया है। सराहनीय भूमिका- थाना प्रभारी चाकघाट उनि घनश्याम मिश्रा, सउनि श्रीकुमार तिवारी, आरक्षक बृजेन्द्र जायसवाल, अनूप पटेल, सुधीर रंजन पाण्डेय, सुरेन्द्र मिश्रा, म.आर. कीर्ति सिंह की विशेष भूमिका रही ।

## जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 122014 क्विटल हुई धान की खरीद

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए पंजीकृत किसानों से जिले भर में बनाये गये खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन 2 दिसंबर से किया जा रहा है। किसानों से एफएक्यू धान 2300 रूपये प्रति क्विंटल की दर से सहकारी समितियों द्वारा खरीदी जा रही है। जिले में अब तक 2059 किसानों से अब तक 122014 क्विंटल धान की खरीद की गयी है। इस संबंध में संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी खाद्य पीके पाण्डेय ने बताया कि अब तक की गयी खरीदी के लिए किसानों को 28 करोड़ 6 लाख 34 हजार 415 रूपये मंजूर किये जा चुके हैं। सभी खरीदी केन्द्रों में खरीदी के लिए पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध करा दिये गये हैं। किसान अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट बुक करके खरीदी केन्द्र और खरीदी के समय का निर्धारण करके समर्थन मूल्य पर धान दे सकते हैं। खरीदी के लिए अब तक 15 हजार 411 किसानों ने स्लॉट बुक कराये हैं। किसान खरीदी केन्द्रों में सुखाकर तथा साफ करके धान लायें जिससे गुणवत्ता के कारण धान के उपार्जन में किसी तरह की परेशानी न हो।

## पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में तीन दिवसीय मैक ओलंपियाड का भव्य समापन

**रीवा।** शहर में स्थित पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के करहिया परिसर में तीन दिवसीय मैक ओलंपियाड का भव्य समापन हुआ।यह ओलंपियाड दिनांक 5 दिसंबर 2024 से प्रारंभ हुआ जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में भाग लिया।यह ओलंपियाड विगत 15 वर्षों से प्रबंधन विभाग द्वारा आयोजित किया जाता है,ओलंपियाड के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के बौद्धिक विकास हेतु कई महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं का आयोजन महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से स्टूडेंट ऑफ द ईयर, पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन, मेहंदी, नेल आर्ट, हेयर स्टाइल,डांस, रैंप वॉक जैसी कई प्रतियोगिताएं शामिल थी।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य



प्रतिभागियों को उनकी प्रतिभा दिखाने और प्रतियोगी भावना को बढ़ाने का अवसर प्रदान करना था। विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर छात्रों ने अपनी कौशल और ऊर्जा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप-प्रज्वलन के साथ की गई इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतिथि के रूप में महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक बीएन त्रिपाठी, माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के परिसर प्रभारी संदीप भट्ट,नगर पुलिस अधीक्षका शिवाली चतुर्वेदी,अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल, लोकायुक्त एसआई ऋतुका शुक्ला, आइसीआइसीआइ बैंक के संभागीय प्रमुख संदीप तिवारी,इंडियन बैंक के बैंक मैनेजर सत्यजीत मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे अतिथियों का पौधा देकर महाविद्यालय की परंपरा अनुसार स्वागत किया गया साथ ही शाल एवं श्रीफल के माध्यम से सम्मान किया गया।विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र- छात्राओं के लिए किये जा रहे हैं प्रयासों की प्रशंसा की गई तथा छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल छात्रों की प्रतिभा को उभारते हैं, बल्कि उनमें हार और जीत दोनों को स्वीकारने की क्षमता विकसित करते हैं। ये आयोजन उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक हैं।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी।उन्होंने सभी प्राध्यापको और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और छात्रों को इसी तरह अपनी प्रतिभा को निखारते रहने के लिए प्रेरित किया। इस आयोजन में मुख्य रूप से महाविद्यालय के शैक्षणिक संचालक एस के त्रिपाठी,पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ सीमा शुक्ला,पेंटियम प्वाइंट कॉलेज आफ मैनेजमेंट की प्राचार्या डॉ मोना तिवारी,पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज कॉलेज (कॉलेज आफ लॉ) के प्राचार्य डॉ पीएन शर्मा महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक मनोज गुप्ता,रवि प्रकाश गुप्ता,आशुतोष गुप्ता,संजीव मिश्रा,डॉ सविता शुक्ला,अभिषेक पांडेय,डॉ कविता सिंह,डॉ सपना त्रिवेदी, सिमरन चंदानी,प्रियंका सोनी, आदि प्राध्यापक सहायक प्राध्यापक तथा महाविद्यालय के छात्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य कियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833